ಜಿಲ್ಲಾಡಳಿತ ಮತ್ತು ಜಿಲ್ಲಾ ಪಂಚಾಯತ್ ಕೋಲಾರ ಜಿಲ್ಲೆ



ಶ್ರೀ ಸಿದ್ದರಾಮಯ್ಯ
ಸನ್ಮಾನ್ಯ ಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಗಳು
ಕರ್ನಾಟಕ ಸರ್ಕಾರ



ಶ್ರೀ ಡಿ. ಕೆ. ಶಿವಕುಮಾರ್
ಮಾನ್ಯ ಉಪಮುಖ್ಯಮಂತ್ರಿಗಳು
ಕರ್ನಾಟಕ ಸರ್ಕಾರ



ಶ್ರೀ ಬೈರತಿ ಸುರೇಶ್
ಮಾನ್ಯ ನಗರಾಭಿವೃದ್ಧಿ ಮತ್ತು ನಗರ ಯೋಜನೆ ಹಾಗೂ
ಕೋಲಾರ ಜಿಲ್ಲಾ ಉಸ್ತುವಾರಿ ಸಚಿವರು
ಕರ್ನಾಟಕ ಸರ್ಕಾರ

# एस्. एस्. एल्. सी
# परीक्षा दीप

## ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ : ಹಿಂದಿ

## तृतीय भाषा हिंदी

**2024-25**

ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿಗಳು ಮತ್ತು ಜಿಲ್ಲಾ ದಂಡಾಧಿಕಾರಿಗಳವರ ಕಛೇರಿ
ಜಿಲ್ಲಾಡಳಿತ ಭವನ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಹೆದ್ದಾರಿ–75, ಟಮಕ ಅಂಚೆ, ಕೋಲಾರ –563103

ಕರ್ನಾಟಕ ಸರ್ಕಾರ

**ಜಿಲ್ಲಾಡಳಿತ ಮತ್ತು ಜಿಲ್ಲಾ ಪಂಚಾಯತ್**
**ಕೋಲಾರ ಜಿಲ್ಲೆ**

# एस्. एस्. एल्. सी
# परीक्षा दीप

**ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ : ಹಿಂದಿ**

तृतीय भाषा हिंदी

**2024-25**

**ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿಗಳು ಮತ್ತು ಜಿಲ್ಲಾ ದಂಡಾಧಿಕಾರಿಗಳವರ ಕಛೇರಿ**
ಜಿಲ್ಲಾಡಳಿತ ಭವನ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಹೆದ್ದಾರಿ–75, ಟಮಕ ಅಂಚೆ, ಕೋಲಾರ –563103

# ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷಾ ದೀವಿಗೆ

# 2024-25

## ಪರಿಕಲ್ಪನೆ ಮತ್ತು ಮಾರ್ಗದರ್ಶನ


**ಶ್ರೀ ಅಕ್ರಂ ಪಾಷ,** ಭಾ.ಆ.ಸೇ
ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿಗಳು
ಕೋಲಾರ ಜಿಲ್ಲೆ, ಕೋಲಾರ
ಹಾಗೂ ಮುಖ್ಯ ಕಾರ್ಯನಿರ್ವಾಹಕ ಅಧಿಕಾರಿಗಳು
ಜಿಲ್ಲಾ ಪಂಚಾಯತ್, ಕೋಲಾರ.

**ಶ್ರೀ ಕೃಷ್ಣಮೂರ್ತಿ**
ಉಪನಿರ್ದೇಶಕರು (ಆಡಳಿತ)
ಶಾಲಾ ಶಿಕ್ಷಣ ಇಲಾಖೆ, ಕೋಲಾರ ಜಿಲ್ಲೆ.

**ಶ್ರೀ ರಾಜೇಶ್ ಡಿ. ಎಸ್.**
ಹಿರಿಯ ಭೂ ವಿಜ್ಞಾನಿಗಳು
ಗಣಿ ಮತ್ತು ಭೂ ವಿಜ್ಞಾನ ಇಲಾಖೆ
ಕೋಲಾರ ಜಿಲ್ಲೆ.

**ಶ್ರೀ ಮುರಳಿ ಜಿ.**
ಜಿಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳು
ಅಲ್ಪಸಂಖ್ಯಾತರ ಕಲ್ಯಾಣ ಇಲಾಖೆ
ಕೋಲಾರ ಜಿಲ್ಲೆ, ಕೋಲಾರ.



**ಕೊಡುಗೆ : ಜಿಲ್ಲಾ ಖನಿಜ ಪ್ರತಿಷ್ಠಾನ ನಿಧಿ, ಕೋಲಾರ ಜಿಲ್ಲೆ, ಕೋಲಾರ.**

# ಸಾಹಿತ್ಯ ರಚನಾ ತಂಡ

| ಕ್ರ.ಸಂ | ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಯ ಹೆಸರು ಶ್ರೀ/ಶ್ರೀಮತಿ | ಪದನಾಮ ಮತ್ತು ಕಾರ್ಯ ನಿರ್ವಹಿಸುತ್ತಿರುವ ಸ್ಥಳ |
|---|---|---|
| 1. | ಡಾ॥ ಸುದರ್ಶನ್ ಎನ್ | ಸಹಾಯಕ ನೋಡಲ್ ಅಧಿಕಾರಿಗಳು ಹಾಗೂ ಸಾಮಾನ್ಯ ವಿಜ್ಞಾನ ಶಿಕ್ಷಕರು, ಅಲ್ಪಸಂಖ್ಯಾತರ ಮೊರಾರ್ಜಿ ದೇಸಾಯಿ ವಸತಿ ಶಾಲೆ, ಹುಮ್ನಾಬಾದ್ ಬೀದರ್ ಜಿಲ್ಲೆ. |
| 2. | ಫಕೀರಪ್ಪ ಮುದಗುರಿ | ರಾಜ್ಯ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳು ಹಾಗೂ ಕನ್ನಡ ಭಾಷಾ ಶಿಕ್ಷಕರು ಅಲ್ಪಸಂಖ್ಯಾತರ ಮೊರಾರ್ಜಿ ದೇಸಾಯಿ ವಸತಿ ಶಾಲೆ, ಸಾಲಹಳ್ಳಿ, ಬೆಳಗಾವಿ ಜಿಲ್ಲೆ. |
| 3. | ವಿಶ್ವನಾಥ್ ಜಿ.ವಿ | ರಾಜ್ಯ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳು ಹಾಗೂ ಆಂಗ್ಲ ಭಾಷಾ ಶಿಕ್ಷಕರು ಅಲ್ಪಸಂಖ್ಯಾತರ ಮೊರಾರ್ಜಿ ದೇಸಾಯಿ ವಸತಿ ಶಾಲೆ, ಕೆರೆಬೆಳಚಿ, ದಾವಣಗೆರೆ ಜಿಲ್ಲೆ. |
| 4. | ರವಿ ಚವ್ಹಾಣ್ | ರಾಜ್ಯ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳು ಹಾಗೂ ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾ ಶಿಕ್ಷಕರು, ಮೊರಾರ್ಜಿ ದೇಸಾಯಿ ವಸತಿ ಶಾಲೆ, ಸೇಡಂ, ಕಲಬುರ್ಗಿ ಜಿಲ್ಲೆ. |
| 5. | ಮಹಜರ್ ಹುಸೇನ್ ಪಟ್ವೇಗಾರ್ | ರಾಜ್ಯ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳು ಹಾಗೂ ಉರ್ದು ಭಾಷಾ ಶಿಕ್ಷಕರು ಅಲ್ಪಸಂಖ್ಯಾತರ ಮೊರಾರ್ಜಿ ದೇಸಾಯಿ ವಸತಿ ಶಾಲೆ, ಅಂಚಟಗೇರಿ–1, ಹುಬ್ಬಳ್ಳಿ, ಧಾರವಾಡ ಜಿಲ್ಲೆ |
| 6. | ಶಿವಪ್ಪ ತಳವಾರ | ರಾಜ್ಯ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳು ಹಾಗೂ ಗಣಿತ ಶಿಕ್ಷಕರು ಅಲ್ಪಸಂಖ್ಯಾತರ ಮೊರಾರ್ಜಿ ದೇಸಾಯಿ ವಸತಿ ಶಾಲೆ, ಹರಪ್ಪನಹಳ್ಳಿ, ವಿಜಯನಗರ ಜಿಲ್ಲೆ. |
| 7. | ಡಾ॥ ಗುರುಸ್ವಾಮಿ ಕೆ | ರಾಜ್ಯ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳು ಹಾಗೂ ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ ಶಿಕ್ಷಕರು ಡಾ॥ ಎ.ಪಿ.ಜೆ. ಅಬ್ದುಲ್ ಕಲಾಂ ವಸತಿ ಶಾಲೆ, ಕೊಡ್ಲಿಪೇಟೆ, ಕೊಡಗು ಜಿಲ್ಲೆ. |
| 8. | ಕಿರಣ್ ಮಲ್ಲೇಶಪ್ಪ ಜವಾಜಿ | ರಾಜ್ಯ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳು ಹಾಗೂ ಸಾಮಾನ್ಯ ವಿಜ್ಞಾನ ಶಿಕ್ಷಕರು, ಡಾ॥ ಎ.ಪಿ.ಜೆ. ಅಬ್ದುಲ್ ಕಲಾಂ ವಸತಿ ಶಾಲೆ, ಮೇಲಿನಹನಸವಾಡಿ, ಶಿವಮೊಗ್ಗ ಜಿಲ್ಲೆ. |
| 9. | ಹರೀಶ ಹೆಚ್.ಜೆ | ರಾಜ್ಯ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳು ಹಾಗೂ ಗಣಕಯಂತ್ರ ಶಿಕ್ಷಕರು, ಅಲ್ಪಸಂಖ್ಯಾತರ ನಿರ್ದೇಶನಾಲಯ ಬೆಂಗಳೂರು. |
| 10. | ಸುಹಾಸ್ ಚಂದ್ರಶೇಖರ್ ಗರಗ | ರಾಜ್ಯ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳು ಹಾಗೂ ಆರ್ಟ್ ಮತ್ತು ಕ್ರಾಫ್ಟ್ ಶಿಕ್ಷಕರು, ಡಾ॥ ಎ.ಪಿ.ಜೆ. ಅಬ್ದುಲ್ ಕಲಾಂ ವಸತಿ ಶಾಲೆ, ಮೇಲಿನಹನಸವಾಡಿ, ಶಿವಮೊಗ್ಗ ಜಿಲ್ಲೆ. |
| 11. | ಡಾ॥ ನಿತಿನ್ ಸಿಂಗ್ | ರಾಜ್ಯ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳು ಹಾಗೂ ದೈಹಿಕ ಶಿಕ್ಷಣ ಶಿಕ್ಷಕರು, ಅಲ್ಪಸಂಖ್ಯಾತರ ಮೊರಾರ್ಜಿ ದೇಸಾಯಿ ವಸತಿ ಶಾಲೆ, ರೇವೂರ, ಕಲಬುರ್ಗಿ ಜಿಲ್ಲೆ |

**ಪರಿಶೀಲನೆ, ನಿರ್ವಹಣೆ ಮತ್ತು ಸಂಯೋಜನೆ**

**ಶ್ರೀ ಮುರಳಿ ಜಿ**

**ಜಿಲ್ಲಾ ಅಧಿಕಾರಿಗಳು, ಅಲ್ಪಸಂಖ್ಯಾತರ ಕಲ್ಯಾಣ ಇಲಾಖೆ**

**ಕೋಲಾರ ಜಿಲ್ಲೆ**

**ಅಕ್ರಂ ಪಾಷ,** ಭಾ.ಆ.ಸೇ.
ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿಗಳು
ಕೋಲಾರ ಜಿಲ್ಲೆ.



# ಆಶಯ ನುಡಿ

ಕೋಲಾರ ಜಿಲ್ಲೆಯಲ್ಲಿ 2024–25ನೇ ಸಾಲಿನಲ್ಲಿ ಸರ್ಕಾರಿ, ಅನುದಾನಿತ ಮತ್ತು ಅನುದಾನ ರಹಿತ ಖಾಸಗಿ ಶಾಲೆಗಳಿಂದ ಅಂದಾಜು 20,450 ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆಯನ್ನು ಬರೆಯುತ್ತಿದ್ದು, ಗುಣಾತ್ಮಕ ಮತ್ತು ಶೇ.100 ರಷ್ಟು ಫಲಿತಾಂಶವನ್ನು ಸಾಧಿಸಲು ಅಗತ್ಯ ಕ್ರಮಗಳನ್ನು ಕೈಗೊಳ್ಳಲಾಗಿದೆ.

ಈ ದಿಸೆಯಲ್ಲಿ ಜಿಲ್ಲೆಯಲ್ಲಿ ಹಲವಾರು ಉಪಕ್ರಮಗಳನ್ನು ಕೈಗೊಂಡಿದ್ದು, ಎಲ್ಲಾ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳು ಉತ್ತಮ ದರ್ಜೆಯಲ್ಲಿ ಉತ್ತೀರ್ಣರಾಗಬೇಕೆಂದು ಜಿಲ್ಲಾಡಳಿತವು ಹಲವು ವಿನೂತನ ಚಟುವಟಿಕೆಗಳನ್ನು ಅನುಷ್ಠಾನಗೊಳಿಸಲಾಗಿದೆ. ಈ ಹಿಂದಿನ ಸಾಲಿನಲ್ಲಿ ಜಿಲ್ಲಾ ಖನಿಜ ಪ್ರತಿಷ್ಠಾನ ನಿಧಿ ವತಿಯಿಂದ ಜಿಲ್ಲೆಯಲ್ಲಿ ಹಲವಾರು ಶೈಕ್ಷಣಿಕ ಗುಣಮಟ್ಟವನ್ನು ಹೆಚ್ಚಿಸುವ ಕಾರ್ಯಕ್ರಮಗಳನ್ನು ಕೈಗೊಳ್ಳಲಾಗುತ್ತಿದೆ. ಎಲ್ಲಾ ಸರ್ಕಾರಿ ಶಾಲೆಗಳಿಗೆ ಹಂತಹಂತವಾಗಿ Interactive Smart Class, SSLC Workbooks ಮುಂತಾದವುಗಳನ್ನು ಒದಗಿಸಲಾಗಿದೆ.

ಅದರಂತೆಯೇ, ಪ್ರಸ್ತುತ ಸಾಲಿನಲ್ಲಿಯೂ ಸಹ ಜಿಲ್ಲಾ ಖನಿಜ ಪ್ರತಿಷ್ಠಾನ ನಿಧಿ ವತಿಯಿಂದ ಅತ್ಯುತ್ತಮ ಫಲಿತಾಂಶ ಸಾಧಿಸಲು ನೆರವಾಗುವ ದೃಷ್ಟಿಯಿಂದ ರಾಜ್ಯದ ಉತ್ತಮ ಸಂಪನ್ಮೂಲ ವ್ಯಕ್ತಿಗಳಿಂದ ರಚಿಸಲಾಗಿರುವ **"ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷಾ ದೀವಿಗೆ"** ಎಂಬ ಕೈಪಿಡಿಗಳನ್ನು ಎಲ್ಲಾ ವಿಷಯಗಳಲ್ಲಿ ರಚಿಸಿ, ಎಲ್ಲಾ ಸರ್ಕಾರಿ ಶಾಲೆಗಳಿಗೆ ವಿತರಿಸಲು ಹರ್ಷವೆನಿಸುತ್ತಿದೆ. ಈ ಕೈಪಿಡಿಯು ಎಲ್ಲಾ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳಿಗೂ ಕೂಡ ತುಂಬಾ ಉಪಯುಕ್ತವಾಗಿದೆ. ಈ ಕೈಪಿಡಿಗಳನ್ನು ರಚಿಸಲು ಅಗತ್ಯ ಶ್ರಮ ವಹಿಸಿದ ಅಧಿಕಾರಿ ಮತ್ತು ಸಿಬ್ಬಂದಿಗಳಿಗೆ ಶುಭವಾಗಲಿ ಎಂದು ಹಾರೈಸುತ್ತೇನೆ.



**ಅಕ್ರಂ ಪಾಷ,** ಭಾ.ಆ.ಸೇ.
ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿಗಳು

# अनक्रमणिका


| क्र. स. | पाठ का नाम | विधा | रचनाकार | पृ. स. |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मातृभूमि | कविता | भगवतीचरण वर्मा | 01 |
| 2 | कश्मीरी सेब | कहानी | मुंशी प्रेमचंद | 02 |
| 3 | गिल्लु | रेखाचित्र | महादेवी वर्मा | 3-5 |
| 4 | अभिनव मनुष्य | कविता | रामधारीसिंह 'दिनकर' | 6-7 |
| 5 | मेरा बचपन | आत्मकथा | ए.पी. जे. अब्दुल कलाम | 8-9 |
| 6 | बसंत की सच्चाई | एकांकी | विष्णु प्रभाकर | 10-11 |
| 7 | तुलसी के दोहे | दोहा | तुलसीदास | 12 |
| 8 | इंटरनेट क्रांति | निबंध | ------- | 13-15 |
| 9 | ईमानदारों के सम्मेलन में | व्यंग्य रचना | हरीशंकर परसाई | 16-17 |
| 10 | दुनीया में पहला मकान | लेख | डॉ . विजया गुप्ता | 18 |
| 11 | समय की पहचान | कविता | सियारामशरण गुप्त | 19 |
| 12 | रोबोट | कहानी | डॉ . प्रदीप मुखोपाध्याय आलोक | 20 |
| 13 | महिला की साहसगाथा | व्यक्ति परिचय | ------ | 21-22 |
| 14 | सूर-श्याम | पद | सुरदास | 23 |
| 15 | कर्नाटक संपदा | निबंध | ------ | 24-25 |
| 16 | बाल-शक्ति | लघु नाटिका | जगतराम आर्य | 26 |
| 17 | कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती | कविता | सोहनलाल द्विवेदी | 27 |
| 18 | पूरक वाचन<br>1.शनि : सबसे सुंदर ग्रह | ----- | गुणाकर मुले | 28 |
| 19 | 2.सत्य की महीमा | ------ | संकलित | 29 |
| 20 | 3.नागरिक के कर्तव्य | ------ | ------ | 30 |
| **व्याकरण भाग** | | | | |
| 21 | विलोम शब्द, वचन | | | 31 |
| 22 | लिंग, प्रेरणार्थक क्रिया रूप | | | 32 |
| 23 | कारक, विराम चिहृन, संधि, समास | | | 33 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 24 | रचना भाग<br>अनुवाद | | | 34-35 |
| 25 | अपठित गद्यांश | | | 36-37 |
| 26 | निबंध | | | 38-44 |
| 27 | पत्रलेखन | | | 45-46 |
| 28 | प्रश्न पत्र की रूपरेखा | | | 47 |
| 29 | पतिदर्श प्रश्न पत्र | | | 48-54 |
| 30 | **SSLC Model Paper-2** | | | 55-70 |

# पाठ -1 मातृभूमि

**I.** अनुरूपता:

1. पताका: न्याय का प्रतीक :: दीप : ज्ञान का प्रतीक **(2018)**
2. हस्त : हाथ :: पताका : झंडा
3. बायें हाथ में : न्याय पताका : दाहिने हाथ में : ज्ञान दीप

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. भारत के खेत कैसे हैं ? **(2019)**
   ➢ मातृभूमि के खेत हरे-भरे है ।

2. कवि भारत माता से क्या निवेदन/ प्रार्थना कर रहे हैं ? **(2020)**
   ➢ कवि भारत मात से जग का रूप बदलने का निवेदन कर रहे हैं ।

3. भारत भूमि के अंदर क्या-क्या भरा हुआ है ?
   ➢ भारत भूमि के अंदर खनिजों का व्यापक धन भरा हुआ है ।

4. सुख-संपत्ति, धन-धाम को माँ कैसे बाँट रही है ?
   ➢ सुख-संपत्ति, धन-धाम को माँ मुक्त हस्त से बाँट रही है ।

5. 'जय-हिंद' का नाद कहाँ-कहाँ पर गूँजना चाहिए ?
   ➢ 'जय-हिंद' का नाद सकल नगर और ग्राम में गूँजना चाहिए ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. मातृभूमि के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए । **(2018 , 2020, 2022)**
   मातृभूमि के प्राकृतिक सौन्दर्य के बारे में लिखिए ।
   ➢ भारत माता के खेत हरे-भरे सुहाने हैं ।
   ➢ वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं ।
   ➢ भारत भूमि के अंदर खनिजो का व्यापक धन भरा हुआ है ।
   ➢ वह सुख-संपति , धन-धाम को मुक्त हस्त से बाँट रही है ।

2. कविता में भारत माता का स्वरूप कैसे वर्णित है ? **(2019)**
   भारत माता के स्वरूप पर प्रकाश डालिए ?
   ➢ भारत माता अमरो की जननी हैं ।
   ➢ उसके हृदय में गांधी, बुद्ध और राम जैसे महान पुरुष सोये हुए हैं ।
   ➢ उसके एक हाथ में न्याय पताका, दुसरे हाथ में ज्ञान दीप हैं ।
   ➢ इस प्रकार मातृभूमि का स्वरूप सुशोभित है ।

3. कवि भारत माता को अमरों की जननी क्यों कहते हैं ? **(2020)**
   ➢ भारत भूमि में गांधी, बुद्ध और राम जैसे अमर व्यक्तियों का जन्म हुआ हैं ।
   ➢ इसलिए कवि भारत माता को अमरों की जननी कहते हैं ।

* * *

**"लक्ष्य को पाना है तो मुश्किलों का सामना हिम्मत से करते रहना चाहिए"**

# पाठ -2 कश्मीरी सेब

**I.** अनुरूपता :

1. कश्मीरी सेब बेचनेवाला : बेईमान : : रेवड़ी बेचनेवाला : ईमानदार **(2020)**
2. नागपुर: संतरा : : कश्मीर : सेब **(2022)**
3. सेब : फल : : गाजर : सब्जी
4. कपड़ा: नापना : : टोमाटो : तौलना

**II.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. प्रेमचंदजी का जी क्यों ललचा उठा ? **(2018)**
   - ➢ प्रेमचंद जी का जी रंगदार गुलाबी सेब को देखकर ललचा उठा।
2. प्रेमचंद जी चौक में क्यों गए थे ? **(2019)**
   - ➢ प्रेमचंद जी दो- चार जरूरी चीज़े खरीदने के लिए चौक में गये थे।
3. लेखक प्रेमचंद जी को दुकान में क्या नज़र आया ? **(2022)**
   - ➢ लेखक को रंगदार गुलाबी सेब सजे हुए नज़र आए।
4. गाजर को खाने की मेज पर स्थान क्यों मिलने लगा है ?
   - ➢ गाजर को खाने की मेज स्थान मिलने लगा है क्योंकि उसमें बहुत विटामिन है।
5. रोज एक सेब खाने से क्या लाभ है ? **(2019)**
   - ➢ रोज़ एक सेब खाने से डॉक्टरों की जरूरत नहीं होगी।
6. टोमाटो किसका आवश्यक अंग बन गया है?
   - ➢ टोमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है।

**III.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. कश्मीरी सेब पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ? **(2018)**
   कश्मीरी सेब पाठ में लेखक पाठकों को क्या चेतावनी देते हैं ?
   - ➢ कश्मीरी सेब पाठ से हमें यह सीख मिलती अगर खरीदारी करते समय सावधानी नहीं बरतें तो धोखा खाने की संभावना होती है।
2. दुकानदार ने लेखक से क्या कहा ? **(2022)**
   - ➢ दुकानदार ने कहा- बाबुजी, बड़े मज़ेदार सेब आए हैं, खास कश्मीर के, आप ले जाएँ, खाकर तबीयत खुश हो जायेगी।
3. गाजर के बारे में प्रेमचंद जी के विचार लिखिए। **(2020, 2022)**
   - ➢ गाजर पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी।
   - ➢ अमीर लोग तो उसका हलवा ही खाते थे।
   - ➢ उसमें बहुत विटामिन है।
   - ➢ अब खाने के मेजों पर स्थान मिलने लगा है।

* * *

"सफलता हासिल करना है तो डटे रहिए, परिश्रम जारी रखिए"

# पाठ – 3 गिल्लू

**I.** अनुरूपता :

1. गिल्लू की पूँछ : झब्बेदार : : गिल्लू की आँखें : चंचल चमकीली **(2019)**
2. कौआ : काँव काँव :: गिल्लू : चिक-चिक **(2019)**
3. गिल्लू की प्रिय लता : सोनजुही : गिल्लू का प्रिय खाद्य : काजू **(2022)**
4. गुलाब : पौधा : : सोनजुही : लता
5. कोयल : मधुर स्वर : : कौआ : कर्कश स्वर

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. गिलहरी गर्मी के दिनों में कहाँ लेट जाता था ? **(2022)**
   - गिलहरी गर्मी के दिनों में सुराही पर लेट जाता था ।

2. लेखिका ने कौए को क्यों विचित्र पक्षी कहा है ?
   - लेखिका ने कौए को इसलिए विचित्र पक्षी कहा है कि एक साथ समादरित, अनादरित, अति सम्मानित, अति अवमानित होते हैं।

3. गिलहरी का बच्चा कहाँ पड़ा था ?
   - गिलहरी का बच्चा गमले और दीवार की संधि में चिपका पड़ा था।

4. लेखिका ने गिल्लू के घावों पर क्या लगाया ?
   - लेखिका ने गिल्लू के घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया ।

5. गिलहरी का लघु घात किसके भीतर बंद रहता था?
   - गिलहरी का लघु घात लिफाफे के भीतर बंद रहता था ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ? **(2019)**
   - गिल्लू को कौए की चोंच से घाव हुआ था ।
   - वह उसे हौले से उठाकर अपने कमरे में लाई फिर रुई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया ।
   - कई घंटे के उपचार के उपरान्त उसके मुँह में एक बूँद पानी टपकाया गया ।
   - इस प्रकार लेखिका ने गिल्लू के प्राण बचाये ।

2. लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू क्या करता था ?

- लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू उनके पैर तक आकर सर्र से पदे पर चढ़ जाता और फिर उसी तेजी से उतरता था।
- उसका यह दौडने का क्रम तब तक चलता, जब तक लेखिका उसे पकड़ने के लिए न उठती।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए:**

1. गिल्लू के क्रिया-कलाप के बारे में लिखिए। **(2018) (2022)**

- लेखिका का ध्यान आकर्षित करने के लिए गिल्लू उनके पैर तक आकर सर्र से पर्दे पर चढ़ जाता था।
- फूलदान के फूलों में, कभी परदे की चुन्नट में, और कभी सोनजुही की पत्तियों में छिप जाता था।
- छिपकर महादेवी वर्मा को चौकाता था।
- दिन भर बाहरी गिलहररियों के साथ उछलता-कूदता और ठीक चार बजे घर आकर अपने झूले में झूलने लगता था।
- लेखिका की थाली के पास बैठकर बड़ी सफाई से खाना खाता था।
- लेखिका खाने बैठती तब लिफ़ाफे के भीतर बैठकर उनका कार्य-कलाप देखा करता था।

2. गिल्लू ने लेखिका की गैरहाज़री मैं दिन कैसे बिताये ? **(2018, 2022)**
लेखिका की गैरहाज़री में गिल्लू ने दिन कैसे बिताए ? स्पष्ट कीजिए।

- लेखिका के गैरहाज़री में गिल्लू अपना प्रिय खाद्य काजू बहुत कम खाता था।
- लेखिका के कमरे का दरवाज़ा खुलते ही वह अपने झूले से उतरकर दौडता फिर किसी दूसरे को देखकर उदास होकर वापस अपने घोंसले में जा बैठता था।

3. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ? **(2020, 2022)**
गिल्लू के दुःखद अंत के बारे में लिखिए।

- गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नही होती, अतः गिल्लू की जीवन-यात्रा का अंत आ ही गया।
- दिन भर उसने न कुछ खाया, न वह बाहर गया।
- पंजे इतने ठंडे हो रहे थे, कि लेखिका हीटर जलाकर उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया।
- परन्तु प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया।
- सोनजुही की लता के नीचे गिल्लू की समाधि बनायी गयी।

4. गिल्लू के प्रति महादेवी वर्मा जी का ममता का वर्णन कीजिए। **(2019)**

- जब गिल्लू घायल हुआ था तब वर्मा जी ने घाव को रुई से रक्त पोंछकर पेंसिलिन का मरहम लगाया।
- उसे रहने के लिए एक झूला बनाकर खिड़की से लटका दिया।
- उसे प्यार से गिल्लू के नाम से पुकारा। गिल्लू को खाने के लिए काजू बिस्कुट दिया करती थी।
- थाली में से एक-एक चावल उठाकर सफाई से खाने को सिखाया। अन्य गिलहरियों के साथ खेलने के लिए उसे एक व्यवस्था की।
- गिल्लू के अंतिम दिनों में उसे बचाने की पूरी कोशिश की हीटर जलाकर उसे उष्णता देने का प्रयास किया।
- उसकी मृत्यु के बाद सोनजुही लता के नीचे समाधि बनाई गई।
- इस प्रकार महादेवी वर्मा जी ने गिल्लू के प्रति अपनी ममता को दर्शाया है।

5. लेखिका के प्रति गिल्लू अपनी भावना कैसे प्रकट करता था ?
लेखिका के प्रति गिल्लू की ममता का वर्णन कीजिए।

- गिल्लू हमेशा लेखिका के समीप रहना पसंद करता था। लेखिका की गैर हाजरी में बहुत उदास रहता था।
- तब उसका प्रिय खाद्य काजू भी कम खाता था। उनकी अस्वस्थता में तकिये पर सिरहाने बैठकर अपने नन्हे-नन्हे पंजों से उनके सिर और बालों को हौले-हौले सहलाता था।

* * *

"हमेशा बड़ो का आदर-सत्कार करना मत भूलिए"

# पाठ – 4 अभिनव मनुष्य

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. पवन का ताप किसके हुक्म पर चढ़ता उतरता है ? **(2018)**
   - मानव के हुक्म पर पवन का ताप चढ़ता-उतरता है ।

2. आज की दुनिया कैसी है ?
   कविता के अनुसार वर्तमान दुनिया कैसी है ? **(2020)**
   - आज की दुनिया विचित्र और नवीन है ।

3. आज मनुज का यान कहाँ जा रहा है ? **(2018)**
   - आज मनुष्य का यान गगन में जा रहा है ।

4. नर किन-किनको एक समान लाघँ सकता है?
   - नर नदी, पहाड़, सागर को एक समान लाँघ सकता है ।

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. दिनकरजी ने आधुनिक मानव की भौतिक साधनों का वर्णन कैसे किया है ? **(2018, 2019)**
   आधुनिक मानव की भौतिक साधना का विवरण कविता के आधार पर दीजिए ।
   - आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर एक तत्व को अपने नियंत्रण में कर लिया है ।
   - उसने जल, विद्युत, भाप, वायु पर अपना नियंत्रण बना लिया है ।
   - वह नदी, समुद्र, सागर को एक समान लाँघ सकता है ।
   - उसका यान आकाश में जा रहा है ।
   - वह परमाणु प्रयोग भी कर रहा है ।
   - उसकी बौद्धिक क्षमता असीमित है ।
   - आज मानव ने प्रकृति के हर एक तत्व को विकृति कर दिया है ।

2. दिनकरजी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ? **(2018, 2022)**

- कवि दिनकर जी कहते हैं – आज मनुष्य ने प्रकृति पर विजय प्राप्त कर ली है।
- मानव को व्योम से पाताल तक सब कुछ ज्ञात है। परंतु स्वयं को नहीं पहचाना, अपने भाईचारे को नही समझा।
- मानव की सही पहचान वह है जो मानव-मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधता है,
- जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोडकर आपस की दूरी को मिटाता है, वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा।
- जो मनुष्य बुद्धि को चैतन्य हृदय से जीतता है।
- आपसी भाईचारा,पारस्परिक प्रेम, सहमनुष्य के साथ स्नेह से रहना ही मानव का सही परिचय है।

3. 'प्रकृति पर सर्वत्र विजयी पुरुष आसीन'  इस पंक्ति का आशय क्या है ? **(2019, 2022)**
आधुनिक मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर कैसे विजय प्राप्त की है ? वर्णन कीजिए।

- आज मानव ने प्रकृति के अनेक तत्वों को अपने नियंत्रण में कर लिया है।
- वारि, विध्युत  और भाप अपनी इच्छानुसार उपयोग कर सकता है।
- अपनी आज्ञानुसार पवन के ताप को भी बदल सकता है।

* * *

**"मेहनत एक ऐसी सुनहरी चाबी है, जो बंद भाग्य के दरवाजे भी खोल देती है"**

# पाठ – 5 मेरा बचपन

**I.** अनुरूपता :

1. रामानंद शास्त्री : पक्षी लक्ष्मण शास्त्री :: अब्दुल कलाम : जैनुलाबदीन **(2023)**
2. नौकाएँ बनानेवाले : जलालुद्दीन :: अखबारों का वितरण करनेवाले : शम्सुद्दीन **(2020)**
3. गांधीजी : राष्ट्रपिता : : अब्दुल कलाम : राष्ट्रपति
4. जलालुद्दीन : जीजा : : शम्सुसुद्दीन : चचेरा भाई

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. अब्दुल कलाम जी के पिता कैसे व्यक्ति थे ? **(2019)**
   - अब्दुल कलाम जी के पिता आडम्बरहीन व्यक्ति थे ।
2. कलाम जी के बचपन में दुर्लभ वस्तुएँ क्या थी ? **(2022)**
   - अब्दुल कलाम जी के बचपन में पुस्तक दुर्लभ वस्तु थी ।
3. अब्दुल कलाम जी बचपन में किस घर में रहते थे ?
   - अब्दुल कलाम जी बचपन में अपने पुश्तैनी घर में रहते थे ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. आशियम्मा अब्दुल कलाम को खाने में क्या – क्या देती थी ?
   - आशियम्मा जी अब्दुल कलाम को चावल एवं सुगंधित, स्वादिष्ट सांबार डालती ।
   - साथ में घर का बना अचार और नारियल की ताज़ी चटनी देती थी ।
2. कलामजी का बचपन बड़ी निश्चिंतथा और सादगी में बीता कैसे ?
   - उनके पिता अनावश्यक एवं ऐशो- आरामवाली चीज़ों से दूर रहते थे ।
   - परंतु घर पर सभी आवश्यक चीज़ें समुचित मात्रा में सरलता से उपलब्द थीं ।
   - इसलिए उनका बचपन बड़ी निश्चिंतता और सादगी में बीता ।

3. जैनुलाब्दीन नमाज़ की प्रासंगिकता के बारे में क्या कहते थे ? **(2018, 2022)**

नमाज की प्रासंगिकता के बारे में जैनुलाबदीन के विचार बताइए

- जैनुलाबदीन नमाज़ की प्रासंगिकता के बारे में कहते हैं- 'जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो ; जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता ।'

4. जलालुद्दीन कलाम को किन-किन विषयों के बारे में बताते थे ? **(2018)**

कलाम और जलालुद्दीन किस विषय पर बातें करते थे ?

कलाम को जलालुद्दीन ने नई दुनिया बोध कैसे कराया ? **(2019)**

- जलालुद्दिन हमेशा कलाम को शिक्षित व्योक्तियों, वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताते थे ।
- ज्ञान संबंधी इन जानकारियों से कलाम को सीमित दायरे से बाहर निकालकर नई दुनिया का बोध कराया ।

5. जलालुद्दीन के व्यक्तित्व का परिचय दीजिए । **(2023)**

जलालुद्दीन रामेश्वरम के स्थानीय ठेकेदार थे । वे शिक्षित थे । अधिक सामान्य ज्ञान रखते थे । पूरे इलाके में अंग्रेजी लिखनेवाले एक मात्र व्यक्ति थे । कलाम को हमेशा शिक्षित व्यक्ति, वैज्ञानिक खोजों. समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताते थे । कलाम के व्यक्तित्व निर्माण में इनका पात्र प्रमुख है ।

* * *

# पाठ – 6 बसंत की सच्चाई

**I.** अनुरूपता :

1. रामू : बेईमान : : बसंत : ईमानदार
2. बसंत : अहीर टीला : : पंडित राजकिशोर : किशनगंज
3. प्रताप : छोटा भाई : : बसंत : बड़ा भाई
4. पं. राजकिशोर : मालिक :: अमर सिंह : नौकर

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. बसंत क्या-क्या बेचता था ?
   - ➢ बसंत दियासलाई, बटन और छलनी बेचता था।
2. बसंत और प्रताप किसके घर में रहते थे ?
   - ➢ बसंत और प्रताप भीखू अहीर के घर में रहते थे।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से क्यों इनकार करता है ? **(2022)**
   - ➢ बसंत एक स्वाभिमानी लड़का था। वह मुफ्त में पैसे लेने को भीख समझता था।
   - ➢ इसलिए बसंत राजकिशोर से दो पैसे लेने से इनकार करता है।
2. बसंत राजकिशोर के पास क्यों नहीं लौटा ?
   - ➢ बसंत नोट भुनाने के लिए बाज़ार की ओर गया।
   - ➢ जब नोट भुना कर वापस लौट रहा था तब वह मोटर के नीचे आ गया इससे उसके दोनों पैर कुचले गए।
   - ➢ इसलिए वह राजकिशोर के पास नहीं लौटा।
3. प्रताप राजकिशोर के घर क्यों आया ?
   - ➢ बसंत राजकिशोर द्वारा दिए गए नोट को भुना कर वापस आते समय मोटर के नीचे आ गया।
   - ➢ इससे उसके दोनों पैर कुछले गए इसलिए वह नहीं लौटा।
   - ➢ छुट्टे पैसे वापस देने के लिए प्रताप राजकिशोर के घर आया।

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए :

1. बसंत की ईमानदारी का परिचय दीजिए। **(2018, 2022)**
बसंत एक ईमानदार लड़का है। कैसे ?
बसंत के अच्छे गुणो का वर्णन कीजिए।
स्वाभिमानी बसंत का परिचय दीजिए। **(2020)**

- बसंत ईमानदार और स्वाभीमानी लड़का हैं।
- वह मेहनत से पैसे कमाना चाहता था।
- इस कारण से वह बाज़ार में चीज़ें बेचता है।
- पं. राजकिशोर बसंत को दो पैसे दिए तो, बसंत पैसे लेने से इनकार करता है क्योंकि वह उसे भीख समझता है, वह भीख लेना नही चाहता है।
- मोटर दुर्घटना में उसकी पैर की हड्डी टूटने पर भी वह अपने भाई प्रताप को पं. राजकिशोर के घर उनके छुट्टे पैसे देने भेजता है।

2. पंडित राजकिशोर के माननीय गुण अनुसरणीय है। कैसे ? बताइए। **(2019)**
राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए।

- पं. राजकिशोर मजदूरों के नेता थे।
- गरीबों के प्रति हमदर्दी दिखाते है और उनके साथ आदर से व्यवहार करते हैं।
- इसी कारण वे गरीब बसंत के पास छलनी खरीदा उसके भरोसे पर ही एक नोट उसके हाथ में दिया था।
- प्रताप द्वारा मोटर दुर्घटना का विषय पता चलते ही वे सीधे अहीर टिले में रहनेवाले बसंत के घर जाते है
- वहाँ डॉक्टर को भी बुलवाते है और उनसे बसंत की पैर की जाँच कराते हैं।

* * *

# पाठ – 7 तुलसी के दोहे

**I.** अनुरूपता :

1. जीभ की तुलना : देहरी से : : राम नाम की तुलना : दीप से **(2019)**
2. दया : धर्म का मूल :: पाप : अभिमान का मूल **(2018)**
3. परिहरि : त्यागना :: करतार: सृष्टिकर्ता
4. जीह : जीभ : : देहरी : दहलीज

**II.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. तुलसीदास किस शाखा के कवि है?
   ➢ तुलसीदास राम भक्ति शाखा के कवि हैं ।

2. तुलसीदास के माता पिता कौन है?
   ➢ तुलसीदास के माता हुलसी और पिता का नाम आत्माराम है ।

3. तुलसीदास का बचपन का नाम क्या है?
   ➢ तुलसीदास का बचपन का नाम रामबोला था ।

**II.** भावार्थ लिखिए :

1. मुखिया मुख सो चाहिए, खान पान को एक । **(2020)**
   पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।
   - ➢ तुलसीदास जी कहते हैं कि मुखिया को मुख के समान होना चाहिए । मुँह खाने-पीने का
   - ➢ काम अकेला करता है लेकिन वह जो खाता पीता है उससे शरीर के सारे अंगो का पालन पोषण होता है ।
   - ➢ इसलिए मुखिया को भी ऐसे ही विवेक वान होकर वह अपना काम अपने तरह से करें लेकिन उसका फल सभी में बांटे ।

2. दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान । **(2018, 2019, 2022)**
   तुलसी दया न छाँडिये, जब लग घट में प्राण ॥
   - ➢ प्रस्तुत दोहे में तुलसीदास ने स्पष्टतः बताया है कि दया धर्म का मूल है और अभिमान पाप का ।
   - ➢ इसलिए कवि कहते हैं कि जब तक शरीर में प्राण हैं , तब तक मानव को अपना अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए ।

3. राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार । **(2023)**
   तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार॥
   - ➢ तुलसीदास जी कहते हैं कि जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर तथा आँगन में प्रकाश फैलता है, उसी तरह राम-नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है ।

* * *

**“ज्ञान दुनिया का सबसे महंगा विषय है, इसे विनम्रता से प्राप्त कीजिए”**

# पाठ – 8 इंटरनेट क्रांति

**I.** अनुरूपता:

1. इंटरनेट हैकिंग: अभिशाप:: इंटरनेट बैंकिंग: वरदान **(2019)**

2. हैकिंग :अभिशाप :: ई - गवर्नेंस : पारदर्शी प्रशासन **(2018)**

3. वीडियो कन्फरेन्स : विचार विनिमय :: ई – प्रशासन : पारदर्शी प्रशासन

4. कंप्यूटर: संगणक यंत्र:: इंटरनेट : अंतर्जाल

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. इंटरनेट का अर्थ क्या है ?
   - ➢ इंटरनेट अनगिनत कंप्यूटर के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है ।

2. इंटरनेट -क्रांति का असर किस पर पड़ा है ?
   - ➢ इंटरनेट क्रांति का असर बड़े-बूढ़ों से लेकर छोटे बच्चों पर पड़ा है ।

3. प्रगतिशील राष्ट्र किसके द्वारा बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं?
   - ➢ प्रगतिशील राष्ट्र ई- गवर्नेंस द्वारा बदलाव लाने की कोशिश कर रहे हैं ।

4. समाज के किन क्षेत्रों में इंटरनेट का योगदान है?
   - ➢ समाज के चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष ज्ञान, विज्ञान शिक्षा आदि तथा देश के रक्षा दलों की कार्यवाही में इंटरनेट का बहुत बड़ा योगदान है ।

5. आई. टी.ई.एस का विस्तृत रूप क्या है?
   - ➢ आई. टी.ई.एस विस्तृत रूप इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एनेबल्ड सर्विसेस है।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. व्यापार और बैंकिंग में इंटरनेट से क्या मदद मिलती है ? **(2018)**
   - ➢ इंटरनेट द्वारा हम घर बैठे -बैठे खरीदारी कर सकते हैं ।
   - ➢ कोई भी बिल भर सकते हैं ।
   - ➢ दुकान जाने और लाइन में घंटों खड़े रहने का समय बच सकता है ।
   - ➢ इंटरनेट बैंकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जितने भी रकम भेजी जा सकती है ।

2. ई- गवर्नेंस क्या है ? **(2019)**

- ई-गवर्नेंस द्वारा सरकार के सभी कामकाज का विवरण, अभिलेख, सरकारी आदेश आदि का यथावत लोगों को सूचित किया जाता है । इससे प्रशासन पारदर्शी बन सकता है ।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए :**

1. संचार व सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है ? **(2020)**

इंटरनेट के कारण संचार व सूचना के क्षेत्र में एक नयी क्रांति आई है । कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

- इंटरनेट द्वारा पल भर में बिना ज्यादा खर्च किए कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र हो दुनिया के किसी भी कोने में भेजना मुमकिन हो गया है ।
- चाहो तो पूरे एक पुस्तकालय की किताबों के विषय को कम समय में कहीं भी भेज सकते है ।
- इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है ।
- शायद इसके बिना संचार और सूचना दोनों ही क्षेत्र ठप पड़ जाते हैं ।

2. 'वीडियो कान्फरेन्स' के बारे में लिखिए । **(2020)**

'विडियो कान्फरेन्स' के बारे में आप क्या जानते हैं ?

- वीडियो कान्फरेन्स में एक जगह बैठकर दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधियों के साथ 8-10 दूरदर्शन के परदे पर चर्चा कर सकते हैं ।
- एक ही कमरे में बैठकर विभिन्न देशों में रहनेवाले लोगों के साथ विचार विनिमय कर सकते हैं ।

3. 'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है । कैसे ? **(2018, 2019)**

सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है। इस कथन का समर्थन कीजिए ।

- सोशल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है । जिसने दुनिया भर के लोगों को एक जगह पर ला खड़ा कर दिया है ।
- इसके कई साइट्स हैं, जैसे- फेसबुक, ऑरकुट, ट्विटर, लिंकडइन आदि ।
- इन साइटों के कारण देश विदेश के लोगों की रहन- सहन, वेश-भूषा, खान-पान के अलावा संस्कृति, कला आदि का प्रभाव शीघ्रातिशीघ्र हमारे समाज पर पड़ रहा है ।

**V. निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

- आज हम सभी इंटरनेट का उपयोग करते हैं। यह हमारी आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। सचमुच इंटरनेट एक वरदान है।
- ಇಂದು ನಾವೆಲ್ಲರೂ ಇಂಟರ್ನೆಟ್ ಬಳಸುತ್ತೇವೆ. ಇದು ನಮ್ಮ ಆಧುನಿಕ ಜೀವನಶೈಲಿಯ ಪ್ರಮುಖ ಭಾಗವಾಗಿದೆ. ಇಂಟರ್ನೆಟ್ ನಿಜವಾಗಿಯೂ ಒಂದು ವರವಾಗಿದೆ.
- Today we all use the internet. It has become an important part of our modern lifestyle. Internet is truly a boon.
- इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। इंटरनेट एक ओर वरदान है तो, दूसरी ओर वह अभिशाप भी है।
- ಇಂಟರ್ನೆಟ್ ಆಧುನಿಕ ಜೀವನಶೈಲಿಯ ಪ್ರಮುಖ ಭಾಗವಾಗಿದೆ. ಒಂದು ಕಡೆ ಇಂಟರ್ನೆಟ್ ಒಂದು ವರವಾಗಿದೆ ಮತ್ತು ಇನ್ನೊಂದು ಕಡೆ ಶಾಪವಾಗಿದೆ.
- Internet has become an important part of modern lifestyle. On one hand Internet is a boon and on the other hand it is a curse.

* * *

**"अच्छी किताब और अच्छे लोग तुरंत समझ में नहीं आते हैं, उन्हें पढ़ना पड़ता है"**

# पाठ – 9 ईमानदारों के सम्मेलन में

**I.** अनुरूपता :

1. मेरा बचपन : आत्मकथा : : ईमानदारों के सम्मेलन में : व्यंग्य रचना **(2018)**

2. गिल्लू :रेखाचित्र : : ईमानदारों के सम्मेलन में : व्यंग्य रचना **(2019)**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. लेखक पहनने के कपड़े सिरहाने दबाकर क्यों सोए ? **(2019)**

   ➢ लेखक के सभी चीज़े चोरी हो रही थी इसलिए पहनने के कपड़े सिरहाने दबाकर सोए।

2. परसाईजी दूसरे दर्जे में क्यों सफर करना चाहते थे ? **(2018)**

   ➢ लेखक दूसरे दर्जे में 150 रुपये बचाने के लिए सफर करना चाहते थे।

3. स्वागत समिति के मंत्री किसको डाँटने लगे?

   ➢ स्वागत समिति के मंत्री कार्यकर्ताओं को डाँटने लगे।

4. सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से किन-किन को प्रेरणा मिल सकती है?

   ➢ सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से ईमानदारों तथा उदीयमान ईमानदारों को प्रेरणा मिल सकती है।

5. लेखक को कहां ठहराया गया?

   ➢ लेखक को होटल के एक बड़े कमरे में ठहराया गया।

6. ब्रीफकेस में क्या था?

   ➢ ब्रीफकेस में कुछ कागज़ात थे।

7. लेखक ने धूप का चश्मा कहाँ रखा था?

   ➢ लेखक ने धूप का चश्मा टेबल पर रखा था।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. आयोजकों ने परसाईजी को निमंत्रण क्यों दिया ? **(2020)**
   परसाई जी को सम्मेलन में क्यों बुलाया गया था? **(2018)**

   ➢ हरिशंकर परसाई देश के प्रसिद्ध ईमानदार हैं।

   ➢ इसलिए ईमानदारों के सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए बुलाया गया।

2. परसाई जी को भेजे गये निमंत्रण पत्र में क्या लिखा गया था ?

- पत्र में लिखा था "हम लोग इस शहर में एक ईमानदार सम्मेलन कर रहे हैं।
- आप देश के प्रसिद्ध ईमानदार हैं।
- हमारी प्रार्थना है कि आप इस सम्मेलन का उद्घाटन करें।
- हम आपको आने- जाने का पहले दर्जे का किराया देंगे तथा आवास भोजन आदि की उत्तम व्यवस्था करेंगे।

3. परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ? **(2019)**

- होटल के कमरे में बहुत ज्यादा चोरियाँ होने लगी थी। अपने पास बची वस्तुओं को सुरक्षित रखने के लिए लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय लिया।

4. मुख्य अतिथि की बेईमानी कहाँ दिखाई देती है ?

- मुख्य अतिथि ने ईमानदार डेलीगेट की फटी पुरानी चप्पलें बिना बताए पहन ली थी।
- इससे पहले भी सोचते थे कि दूसरे दर्जे में यात्रा करके पहले दर्जे का किराया वसूल कर लिया जाए और स्वागत में पहनाई गयी दस फूल मालाओं को किसी माली को बेच लेता।

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए :**

सम्मेलन में लेखक के क्या क्या अनुभव रहे ? संक्षेप में लिखिए।

- सम्मेलन में शानदार उद्घाटन के बाद लेखक की चप्पलों की अदला बदली हो गयी।
- लेखक ने देखा कि बिस्तर की चादर भी गायब है।
- अगले दिन उन्होंने देखा कि दो और चादरें होटल के कमरे से गायब थी।
- इसी दौरान उनका धूप का चश्मा भी खो गया था।
- बाद में उन्होंने अपने चश्मे को उन्होने एक सज्जन व्यक्ति के पास देखा।
- सम्मेलन के तीसरे दिन उनका कम्बल भी गायब था। अगले दिन लेखक रात को पहनने के कपड़े सिरहाने के नीचे दबाया और नई चपले तथा शेविंग के डिब्बे को बिस्तर के नीचे दबाया।
- अगले दिन ताला चोरी हो गया।
- तब लेखक ने तय किया कि जल्दी से उस जगह को खाली करना चाहिए।

* * *

"हँसते रहिए और एक दूसरे को हँसाते रहिए"

# पाठ –10 दुनिया में पहला मकान

**I.** अनुरूपता :

1. मकान की छत : मछली की पीठ जैसी :: मकान के स्तम्भ : हाथी के पैर जैसे **(2023)**
2. हाथी : जंगली जानवर : : भैंस : पालतू जानवर
3. मछल: तैरना : : साँप : रेंगना

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. सिंगफो आदिवासी कहाँ रहते थे ?
   - ➢ सिंगफो आदिवासी पूर्वोत्तर भारत में रहते थे ।
2. सबसे पहले आदमी को मकान बनाना किसने सिखाया ?
   - ➢ सबसे पहले आदमी को मकान बनाना बहुत से पशुओं ने सिखाया ।
3. मकान के बारे में पूछ-ताछ करने दोनों दोस्त कहाँ चल पड़े ?
   - ➢ मकान बनाने के बारे में पूछ-ताछ करने दोनों दोस्त जंगल की ओर चल पड़े ।
4. दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले किससे हुई?
   - ➢ दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले हाथी से हुई ।
5. दोस्तों ने क्या-क्या तय किया ?
   - ➢ दोस्तों ने मकान बनाना तय किया ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए:**

1. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े? **(2019)**
   - ➢ लालिम और किंचा लालीदाम नामक दो दोस्तों ने तय किया कि वे मकान बनाएंगे ।
   - ➢ मुश्किल यह थी कि वे नहीं जानते थे कि मकान कैसे बनाए जाते हैं ।
   - ➢ इसलिए वे पशुओं से पूछताछ करने के लिए जंगल की ओर चल पड़े ।
2. दोस्तों ने किन-किन जानवरों से मुलाकात की ? **(2020)**
   - ➢ दोस्तों ने हाथी, साँप, भैंस और मछली से मुलाकात की ।
3. भैंस के पंजे से दोस्तों को क्या जानकारी मिली ? **(2020)**
   - ➢ भैंस का भैंसा मर गया था । भैंसे का मांस दूसरे जानवर खा गए थे । खाली पंजर पड़ा था । भैंस उसी के पास खड़ी दु:ख मना रही थी ।
   - ➢ भैंस ने दोनों दोस्तों को अपने भैंसे का पंजर दिखाया बोली जैसे इस पंजर में चार पैरों पर हड्डियाँ पड़ी है उसी तरह चार मोटे गोले जमीन में गाड़ कर उन पर पतली और लंबी लकड़ियों से छप्पर का पंजर बना लो ।
4. मछली ने दोस्तों के प्रश्न का क्या जवाब दिया?
   - ➢ मछली ने कहा, "आप लोग ज़रा मेरी पीठ की पट्टियाँ ध्यान से देख लो । फिर पेड़ों से बहुत -सी पत्तिया तोड़ लो ।
   - ➢ इन पत्तियों को छप्पर पर उसी तरह जमा दो जैसी मेरी पीठ पर पट्टियाँ हैं ।

**"अपने भाग्य के बजाय अपनी मजबूती पर विश्वास करो" -डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर**

# पाठ –11 समय की पहचान

**I.** अनुरूपता :

1. आलस: परिश्रम:: नष्ट : लाभ
2. धन : निर्धन:: दिया : लिया
3. जीवन: मरण ::खोना: पाना

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. सियारामशरण गुप्त के अनुसार समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?
   समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?
   - ➢ समय ईश (भगवान) का दिया हुआ अनुपम धन है।

2. कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं ?
   समय की पहचान कविता में कवि किस पर विश्वास करने को कहा है ?
   - ➢ कवि अपनी आत्मा पर विश्वास करने को कहते हैं।

3. बहाने बनाने का प्रमुख कारण क्या है ? **(2022)**
   - ➢ बहाने बनाने का प्रमुख कारण आलस है।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ? **(2019)**
   - ➢ मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति तब संभव है जब वह समय का सदुपयोग करता है।
   - ➢ काम के समय में बहाने करके नहीं टालना चाहिए।
   - ➢ समय का नष्ट ना करके सुसमय पर जो काम करना है उसे मन लगाकर करता है।
   - ➢ ऐसे मनुष्य को जीवन में सुख की प्राप्ति होती है।

2. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ? **(2018, 2020, 2022)**
   कवि समय का सदुपयोग करने को क्यों कहते हैं ?
   - ➢ एक पल को भी व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए।
   - ➢ एक-एक पल से ही जीवन बनता है।
   - ➢ इसलिए काम को कोई भी उसे बिना किसी बहाने बनाए उसी समय पर पूरा मन लगाकर करना चाहिए।
   - ➢ आलस्य त्यागकर समय को अमूल्य धन मानकर कार्य करने से जीवन सफल होता है।
   - ➢ हमें काम करने का जो अवसर प्राप्त होता है उसे व्यर्थ जाने नहीं देना चाहिए।

* * *

**"सपने वो नहीं है जो आप नींद में देखें, सपने वह है जो आपको नींद ही नहीं आने दे"**
**-अब्दुल कलाम**

# पाठ –12 रोबोट

**I.** अनुरूपता **:**

1. शेरू को टहलाना : रोबोनिल : : झबरू को घुमाना: रोबोदीप
2. मुखिया : धीरज सक्सेना : : सेवक : साधोराम
3. सक्सेना परिवार का रोबोट : रोबोनिल : : शर्मा परिवार का रोबोट : रोबोदीप **(2018)**
4. मेरा बचपन : आत्मा कथा : : रोबोट: कहानी **(2019)**

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. एक रोबोट वैक्यूम क्लीनर से क्या साफ कर रहा था?
   - एक रोबोट वैक्यूम क्लीनर से दफ्तर के फर्श को साफ कर रहा था ।
2. रोबोनिल की मुलाकात किससे हुई?
   - रोबोनिल की मुलाकात रोबोदीप से हुई।
3. रोबोनील और रोबोदीप किस से मिलने गए?
   - रोबोनिल और रोबोदीप, रोबोजीत से मिलने गए ।
4. वैज्ञानिक लेखक का नाम लिखिए।
   - वैज्ञानिक लेखक का नाम आइज़क आसीमोव है ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ? **(2019)**
   - नाती- पोतों का होमवर्क कराने के लिए एवं वर्ड प्रोसेसर पर काम संभालने के लिए धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत थी ।
2. रोबोनिल ने रोबोजीत को क्या समझाने की कोशिश की ? **(2018)**
   - कोई रोबोट किसी इंसान के नुकसान का कारण बने साथ -साथ मानवीय नज़रिए से भी यह गलत है कि हमारे कारण किसी भी इंसान की नौकरी को खतरा पहुँचे । इस बात को समझाने की कोशिश की ।

* * *

**"कभी कमजोर नहीं पढ़े, आप अपने आप को शक्तिशाली बनाओ,**
**आपके भीतर अनंत शक्ति है"**
**-स्वामी विवेकानंद**

# पाठ –13 महिला की साहसगाथा

**I.** **अनुरूपता :**

1. तेनजिंग नोर्गे :एवरेस्ट पर चढ़नेवाला प्रथम पुरुष : : जुंके ताबी : एवरेस्ट पर चढ़नेवाली प्रथम महिला
2. कालानाग : पर्वत :: गंगोत्री : ग्लेशियर **(2022)**
3. कर्नल :खुल्लर ::मेजर : कुमार **(2020)**

**II.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. बछेंद्री पाल को कौन -सा गौरव प्राप्त है ?
   एवरेस्ट पर चढ़नेवाली प्रथम भारतीय महिला कौन थी ?
   - ➢ बछेंद्री पाल को एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला होने का गौरव प्राप्त है ।

2. कर्नल ने बधाई देते हुए बछेंद्री से क्या कहा?
   - ➢ कर्नल ने बधाई देते हुए बछेंद्री से कहा "देश को तुम पर गर्व है ।"

3. एवरेस्ट पर भारत का झंडा फहराते समय पाल के साथ कौन थे?
   - ➢ एवरेस्ट पर भारत का झंडा फहराते समय पाल के साथ पर्वतारोही अंग दोरजी थे।

**III.** **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. बछेंद्री पाल के परिवार का परिचय दीजिए। **(2020)**
   - ➢ बछेंद्री का जन्म एक साधारण भारतीय परिवार में हुआ था । पिता किशन पाल सिंह तथा माता हंसादेई नेगी की पाँच संतानों में बछेंद्री तीसरी संतान है ।

2. बछेंद्री का बचपन कैसे बीता ? **(2018)**
   - ➢ बछेंद्री का बचपन संघर्षमय था। उसे रोज पाँच किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता था ।
   - ➢ सिलाई का काम सीखा और सिलाई करके पढ़ाई का खर्चा जुटाया।
   - ➢ इस तरह संस्कृत में एम.ए तथा बी.एड. तक की शिक्षा प्राप्त की ।

3. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बछेंद्री ने क्या किया ? **(2019, 2020, 2022)**
   - ➢ एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बछेंद्री ने खुद के लिए स्थान सुरक्षित किया । अपने घुटनों के बल बैठी ।
   - ➢ बर्फ को अपने माथे लगाकर सागरमाथे के ताज को चुंबन किया। बाद में हनुमान चालीसा और माँ दुर्गा की पूजा की ।

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए :

1. बछेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने की तैयारी किस प्रकार की ? **(2022)**

- बछेंद्री ने पहाड़ पर चढ़ने के लिए दो दल बनाए गए।
- सुबह हल्का नाश्ता करने के बाद 5:30 बजे तंबू से निकल पड़े ।
- अंग दोरजी के साथ बगैर रस्सी के हीचढ़ाई की।
- वहाँ जमी हुई बर्फ काटने के लिए फावड़े का इस्तेमाल किया ।
- कभी नायलॉन रस्सी के सहारे चढ़ाई की ऑक्सीजन की आपूर्ति रेगुलेटर पर बढ़ाकर कठिन चढ़ाई आसान बनाई ।

2. प्रस्तुत पाठ से क्या संदेश मिलता है ? **(2018, 2019)**

- इस पाठ से बच्चे साहस गुण, दृढ़ निश्चय, अथक परिश्रम, मुसीबतों का सामना करना इत्यादि आदर्श गुण सीखते हैं ।
- महिलाएँ भी साहस प्रदर्शन में पुरुषों से कुछ कम नहीं है ।
- मेहनत का फल अच्छा होता है ।

* * *

# पाठ –14 सूर–श्याम

**I.** अनुरूपता :

1. बालकृष्ण का रंग : काला : : नंद और यशोदा का रंग : गोरा
2. भोला – भाला : बालकृष्ण : : चुगलखोर : बलराम
3. कृष्ण को चिड़ानेवाले : बलराम : : चुटकी देकर हँसनेवाले : ग्वाल मित्र

**II.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :

1. बालकृष्ण का रंग कैसा था ? **(2018)**
   - ➢ बालकृष्ण का रंग काला था ।
2. कृष्ण की शिकायत किसके प्रति है?
   - ➢ कृष्ण की शिकायत भाई बलराम के प्रति हैं ।
3. यशोदा और नंद का रंग कैसा था?
   - ➢ यशोदा और नंद का रंग गोरा था ।
4. चुटकी दे -देकर हँसनेवाले कौन थे?
   - ➢ चुटकी दे -देकर हँसनेवाले ग्वाल मित्र थे ।
5. यशोदा किसकी कसम खाती है?
   - ➢ यशोदा गोदन की कसम खाती है ।

**III.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :

1. बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में क्या कहता है ?
   - ➢ बलराम कृष्ण के माता-पिता के बारे में कहता है कि तुम्हें यशोदा माँ ने जन्म नहीं दिया है बल्कि मोल लिया है ।
   - ➢ बलराम मुझसे बार-बार पूछता है कि तुम्हारे माता-पिता कौन हैं ?
   - ➢ वह यह भी कहता है कि नंद और यशोदा तो गोरे हैं, लेकिन तुम्हारा शरीर क्यों काला है ?
2. कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति क्यों नाराज़ है ? **(2020)**
   - ➢ माँ, तुमने केवल मुझे ही मारना सीखा है और भाई बलराम पर कभी गुस्सा नहीं करती इस कारण कृष्ण अपनी माता यशोदा के प्रति नाराज़ है ।
3. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ? **(2018, 2020)**
   क्रोधित कृष्ण को माता यशोदा कैसे मनाती है ?
   - ➢ हे कृष्ण ! सुनो । बलराम जन्म से ही चुगलखोर है ।
   - ➢ मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं ही तेरी माता हूँ और तुम ही मेरे पुत्र हो ।
4. बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है?
   - ➢ बालकृष्ण अपनी माता से शिकायत करता है कि-"मुझे भैया बहुत चिढ़ाता है ।
   - ➢ तुझे तो मोल लिया है । तु यशोदा का पुत्र नहीं है । तुम्हारे माता-पिता कौन हैं ? नंद यशोदा तो गोरे हैं, तू काला क्यों है ।
   - ➢ माँ तू केवल मुझे ही मारती हो, भैया बलराम को तो डाँटती तक नहीं हो । इसकी हंसी -मजाक सुनकर सब ग्वाल मित्र चुटकी बजाकर मुझ पर हँसते हैं ।"

# पाठ – 15 कर्नाटक संपदा

**I. अनुरूपता :**

1. गोमटेश्वर की प्रतिमा : श्रवणबेलगोल : : गोलगुंबज : विजयपुर
2. कावेरी : नदी : : जोग : जलप्रपात
3. कर्नाटक : चंदन का आगार : : बेंगलुरु : सिलिकॉन सिटी
4. बेलूरु: शिल्पकला : : गोल गुंबज : वास्तु कला

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. पश्चिमी घाट किसे कहते हैं?
   - दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं ।
2. कर्नाटक में कौन-कौन से जलप्रपात है?
   - जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र कर्नाटक के जलप्रपात हैं ।
3. श्रवणबेलगोला की गोमटेश्वर मूर्ति की ऊंचाई कितनी है?
   - श्रवणबेलगोला की गोमटेश्वर मूर्ति की ऊंचाई 57 फुट ऊंची है ।

**III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. कर्नाटक की प्रमुख नदियाँ और जलप्रपात कौन- कौन से हैं ?
   - कावेरी, कृष्णा, तुंगभद्रा कर्नाटक की प्रमुख नदियाँ हैं । जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र जलप्रपात है ।
2. बाँध और जलाशयों के क्या उपयोग हैं?
   - *नदियों पर बाँध बनाये जाने से हजारों एकड़ जमीन सिंची जा सकता है ।
   - *जलाशयों से ऊर्जा (बिजली) उत्पादन किया जा सकता है ।
3. कर्नाटक की कुछ प्रमुख राजवंशों के नाम लिखिए।
   - गंग, कदंब, राष्ट्रकूट, चालुक्य, होयसल, ओडेयर यह कर्नाटक के कुछ प्रमुख राजवंश है ।

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए :**

1. कर्नाटक की प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।
   कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा का वर्णन कीजिए । **(2019)**
   कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयान मनोहर है। कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।
   - कर्नाटक की प्राकृतिक सौंदर्य नयन मनोहर है । पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र लहराता है ।
   - इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं ।
   - इन्हीं घाटों का कुछ भाग सहयाद्री कहलाता है । दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं ।

2. कर्नाटक की शिल्पकला का परिचय दीजिए। **(2018, 2022)**

कर्नाटक राज्य की शिल्पकला और वास्तु कला अनोखी है। स्पष्ट कीजिए।

कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

- कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है। बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लू में जो मंदिर हैं, उनकी शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत हैं।
- बेलूर, हलेबिडु तथा सोमनाथपुर के मंदिरों की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं। यह मूर्तियाँ हमें रामायण, महाभारत तथा पुराणों की कहानियाँ सुनाती है।
- श्रवणबेलगोला की 57 फुट ऊँची गोमटेश्वर की प्रतिमा दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है।
- विजयपुर का गोलगुंबाज, मैसूर का राजमहल, प्राचीन सेंट फिलोमिना चर्च आदि स्थान अत्यंत आकर्षणीय हैं।

**IV. निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

- कर्नाटक का प्राकृतिक सौंदर्य नयन मनोहर है। पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र है। दक्षिण में नीलगिरी की पर्वतावलियाँ है।
- ಕರ್ನಾಟಕದ ಪ್ರಾಕೃತಿಕ ಸೊಬಗನ್ನು ಕಣ್ತುಂಬಿಕೊಳ್ಳಬಹುದು. ಪಶ್ಚಿಮದಲ್ಲಿ ವಿಶಾಲವಾದ ಅರಬ್ಬೀಸಮುದ್ರವಿದೆ. ದಕ್ಷಿಣದಲ್ಲಿ ನೀಲಗಿರಿ ಶ್ರೇಣಿಗಳಿವೆ.
- The natural beauty of Karnataka is a sight to behold. In the west is the vast Arabian Sea. In the south are the Nilgiri ranges.
- कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है और इसकी राजधानी बेंगलुरु है। कर्नाटक में चंदन के पेड़ विपुल मात्रा में हैं। वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे।
- ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಕನ್ನಡ ಭಾಷೆ ಮಾತನಾಡಲಾಗುತ್ತದೆ ಇದರ ರಾಜಧಾನಿ ಬೆಂಗಳೂರು ಆಗಿದೆ. ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಶ್ರೀಗಂಧದ ಮರಗಳು ಹೆಚ್ಚಿನ ಪ್ರಮಾಣದಲ್ಲಿವೆ, ವಚನಕಾರ ಬಸವಣ್ಣ ಕ್ರಾಂತಿಕಾರಿ ಸಮಾಜ ಸುಧಾರಕರಾಗಿದ್ದರು.
- Kannada language is spoken in karnataka and its capital Bengaluru. Sandalwood trees are plentiful in Karnataka. Vachanakara Basavanna was a revolutionary social reformer.

* * *

एक विजेता सपने देखने वाला होता है। जो कभी भी
अपने लक्ष्य को छोड़ता नहीं है, बल्कि उसे पूरा करता है।

**-नेल्सन मंडेला**

# पाठ – 16 बाल – शक्ति

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए :**

1. हमें किस उम्र में अच्छी आदतें डालनी है ?
   - 12 साल की उम्र में अच्छी आदतें डालनी है ।

2. बच्चों की तारीफ किसने की ?
   - बच्चों की तारीफ कलेक्टर ने की ।

3. रामू ने किस विषय का गृह-कार्य नहीं किया था ?
   - रामू ने गणित विषय का गृह-कार्य नहीं किया था ।

**II. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. गाँव की सफाई के लिए बालक क्या काम करते हैं ? **(2018)**
   - रोज एक घंटा गाँव की सफाई में लगना । गड्ढे को मिट्टी से ढाँपना ।
   - कूड़ा डालने के लिए एक निश्चित जगह बनाना । गाँव के चारों तरफ पेड़ पौधे लगाने का काम करते हैं ।

2. गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ? **(2019)**
   - बच्चों को स्कूल जाने का प्रेरणा और व्यवस्था करना । गाँव को साफ सुथरा रखना ।
   - गाँव को हरा-भरा रखने के लिए गाँव के चारों तरफ पेड़ पौधे लगाकर बाल शक्ति के कारण एक आदर्श गाँव बना सकते हैं

3. कलेक्टर साहब ने बच्चों की बड़ाई मे क्या कहा ? **(2020)**
   कलेक्टर साहब ने बालशक्ति की तारीफ कैसे की ?
   कलेक्टर साहब ने बालशक्ति टोली की प्रशंसा क्यों की ? बताइए |
   - इस गाँव को साफ-सुथरा देखकर मुझे हार्दिक प्रसन्नता हुई है ।
   - गाँव को एक नया जीवन प्रदान किया गया है । इन बच्चों की जितनी बड़ाई की जाए उतनी ही थोड़ी है ।
   - इन सब ने मिलकर गाँव को स्वच्छ वातावरण दिया है । बाल शक्ति के कारण आपका गाँव एक आदर्श गाँव बन गया है ।

* * *

"पुस्तके वो साधन है जिनके माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों के
बीच पुल का निर्माण कर सकते हैं"

-सर्वपल्ली राधाकृष्णन्

# पाठ – 17
# कोशिश करनेवालों की कभी हार नहीं होती

**(2018, 2019, 2020, 2022, 2023)**

असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,
संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम ।

* * *

"एक राष्ट्र की संस्कृति उसमें रहने वाले लोगों के दिलों में और आत्मा में रहती है"
-महात्मा गांधीजी

# पूरक वाचन – 1
# शनि : सबसे सुंदर ग्रह

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. शनि का निर्माण किस प्रकार हुआ है ?
शनि का वायुमंडल कैसा है ? **(2018)**
शनि ग्रह का वायुमंडल किन गैसो से बना है ? **(2019)**
➢ शनि का निर्माण हाइड्रोजन, हिलियम, मीथेन तथा एमोनिया गैसों से हुआ है ।

2. शनि सौर-मंडल का सबसे सुंदर ग्रह कैसे ? स्पष्ट कीजिए । **(2019)**
शनि ग्रह सौरमंडल का अत्यंत खूबसूरत ग्रह है | कैसे ?
➢ शनि को यदि दूरबीन से देखा जाये, तो इस ग्रह के चारो ओर वलय (गोल) दिखाई देते हैं ।
➢ प्रकृति ने शनि ग्रह के गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं ।
➢ शनि के इन वलयों या कंकणों ने इस ग्रह को सौर-मंडल का सबसे सुंदर एवं मनोहर ग्रह बनाया है ।

3. शनि एक अत्यन्त ठंडा ग्रह कैसे ? स्पष्ट कीजिए । **(2022)**
➢ शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है, इसलिए बहुत कम सूर्यताप उस ग्रह तक पहुँचता है- पृथ्वी का मात्र सौवाँ हिस्सा।
➢ इसलिए शनि के वायुमंडल का तापमान शुन्य के नीचे 150° सेंटीग्रेड के आसपास रहता है ।
➢ शनि एक अत्यन्त ठंडा ग्रह है ।

4. शनि ग्रह का उपग्रह टाईटन के बारे में लिखिए ।
➢ शनि का सबसे बड़ा चंद्र टाईटन सौर-मंडल का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और दिलचस्प उपग्रह है ।
➢ इसका व्यास 5150 किलोमीटर है ।
➢ शनि की सतह पर अंतरिक्षयान को उतारना तो संभव नहीं है, परंतु टाईटन की सतह पर अंतरिक्षयान को उतारा जा सकता है ।

**II. निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

➢ शनिग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह टाइटन है । यह हमारे चंद्रमा से भी बड़ा है । इसका व्यास 5150 किलोमीटर है ।
➢ ಶನಿಯ ಅತಿ ದೊಡ್ಡ ಉಪಗ್ರಹ ಟೈಟಾನ್. ಇದು ನಮ್ಮ ಚಂದ್ರನಿಗಿಂತ ದೊಡ್ಡದಾಗಿದೆ. ಇದರ ವ್ಯಾಸ 5150 ಕಿ.ಮೀ.
➢ The largest satellite of Saturn is Titan. It is bigger than our Moon. Its diameter is 5150 km.

* * *

समय और भाग्य दोनों ही परिवर्तनशील है इन पर किसी को अहंकार नहीं करना चाहिए ।

# पूरक वाचन - 2
# सत्य की महिमा

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :**

1. 'सत्य' क्या होता है ? उसका रूप कैसे होता है ? **(2020, 2022)**

- सत्य ! बहुत भोला-भाला बहुत ही सीधा-सादा ! जो कुछ भी अपनी आँखों से देखा, बिना नमक -मिर्च लगाए बोल दिया- यही तो सत्य है।
- कितना सरल ! सत्य दृष्टि का प्रतिबिंब है, ज्ञान की प्रतिलिपि है, आत्मा की वाणी है।

2. शास्त्र में सत्य बोलने का तरीका कैसे समझाया गया है ? **(2022)**

- 'सत्यं' ब्रूयात, प्रियं ब्रूयात, न ब्रूयात सत्यमप्रियम्', अर्थात, 'सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे, अप्रिय सत्य मत बोलो।

3. महात्मा गांधी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ? **(2019, 2020)**

- "सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं। उनका अंत नहीं होता

**II. निम्नलिखित गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए :**

- सत्य की महिमा अपार है। सत्य अत्यंत शक्तिशाली है। अतः हमें सत्य बोलने का अभ्यास करना चाहिए।
- ಸತ್ಯದ ಮಹಿಮೆ ಅಪಾರ. ಸತ್ಯವು ಬಹಳ ಶಕ್ತಿಯುತವಾಗಿದೆ. ಆದ್ದರಿಂದ ನಾವು ಸತ್ಯವನ್ನು ಮಾತನಾಡುವುದನ್ನು ಅಭ್ಯಾಸ ಮಾಡಬೇಕು.
- The glory of truth is immense. Truth is very powerful. So we should practice speaking the truth.

* * *

> "याद रखिए सबसे बड़ा अपराध अन्याय को सहना और गलत के साथ समझौता करना है"
> -सुभाष चंद्र बोस

# पूरक वाचन - 3
# नागरिक के कर्तव्य

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए:**

1. मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ? **(2018, 2019)**

मीना मैडम ने अंत में छात्रों को क्या संदेश दिया ?

- आज के बच्चे कल के नागरिक हैं। विद्यार्थियों ! आज से, नहीं नहीं; अब से ही आप इन कर्तव्यों का पालन करना शुरू करो। इससे आपका हीत तो होगा ही, देश का कल्याण भी होगा।

2. नागरिक के कोई तीन कर्तव्य लिखिए। **(2019, 2020)**

देश के प्रति हमारे कर्तव्यों के बारे में लिखिए।

- एक नागरिक की हैसियत से हमें अपने देश के राष्ट्रध्वज, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय त्योहार आदि का आदर करना चाहिए।
- प्रकृति हमारी माता है। इसलिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय करना नहीं चाहिए।
- अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना हमारा भी दायित्व है।
- समस्त देशवासियों के प्रति भाई-चारे का भाव रखना और जाति, धर्म, भाषा, प्रदेश, वर्ग पर आधारित सभी भेद भावों से दूर रहना चाहिए।

3. 15 दिवसीय कार्य शिविर में किन –किन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था ? **(2020)**

- कविता-वाचन, कविता-रचना, नाटक- प्रदर्शन, संभाषण-कौशल, टेराकोटा गुड़िया बनाना इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था।

* * *

**"अपने आप पर विस्वास रखो, एक न एक दिन अवश्य कामयाब होगे"**

# व्याकरण भाग

## विलोम शब्द

| क्र. सं. | | |
|---|---|---|
| 1 | अच्छा | बुरा |
| 2 | पास/निकट | दूर |
| 3 | गरीब | अमीर |
| 4 | साफ | गंदा |
| 5 | सुबह | शाम |
| 6 | बहुत | कम |
| 7 | सहयोग | असहयोग |
| 8 | आगे | पीछे |
| 9 | मुश्किल | आसान |
| 10 | सरल | कठिन |
| 11 | सदाचार | दुराचार |
| 12 | थोड़ा | ज्यादा |
| 13 | बेईमान | ईमानदार |
| 14 | वरदान | अभिशाप |
| 15 | चैन | बेचैन |
| 16 | भीतर | अंदर/बाहर |
| 17 | चढ़ना | उतरना |
| 18 | बुद्धिमान | बुद्धिहीन |
| 19 | गुण | निर्गुण |
| 20 | हार | जीत |
| 21 | अपना | पराया |
| 22 | खरीदना | बेचना |
| 23 | संदेह | निसंदेह |
| 24 | विश्वास | विश्वास |
| 25 | ज्ञान | अज्ञान |
| 26 | जीत | हार |
| 27 | सदाचार | अनाचार |
| 28 | रोजगार | बेरोजगार |
| 29 | स्वीकार | अस्वीकार |
| 30 | स्वस्थता | अस्वस्थता |
| 31 | सवाल | जवाब |
| 32 | आदि | अंत |
| 33 | अमृत | विष |
| 34 | आदर | अनादर |
| 35 | आशा | निराशा |
| 36 | आवश्यक | अनावश्यक |
| 37 | आयात | निर्यात |
| 38 | अंधकार | प्रकाश |
| 39 | बड़ा | छोटा |
| 40 | सुंदर | कुरुप |

## वचन

| क्र. सं. | एकवचन | बहुचवन |
|---|---|---|
| 1 | गमला | गमले |
| 2 | चीज़ | चीज़ें |
| 3 | दूकान | दूकानें |
| 4 | आँख | आँखें |
| 5 | किताब | किताबें |
| 6 | नौका | नौकाएँ |
| 7 | पैसा | पैसे |
| 8 | कमरा | कमरे |
| 9 | उँगली | उँगलियाँ |
| 10 | जानकारी | जानकारियाँ |
| 11 | दायरा | दायरे |
| 12 | सड़क | सड़के |
| 13 | रीति | रीतियाँ |
| 14 | पुस्तक | पुस्तकें |
| 15 | प्रती | प्रतियाँ |
| 16 | कहानी | कहानियाँ |
| 17 | कक्षा | कक्षाएँ |
| 18 | लिफाफा | लिफाफ़े |
| 19 | कपड़ा | कपड़े |
| 20 | बात | बातें |
| 21 | घर | घर |
| 22 | पेड़ | पेड़ |
| 23 | फल | फल |
| 24 | बच्चा | बच्चे |
| 25 | बेटा | बेटे |
| 26 | रुपया | रुपए |
| 27 | व्यवस्था | व्यवस्थाएँ |
| 28 | कोशिश | कोशिशें |
| 29 | योजना | योजनाएँ |
| 30 | कौआ | कौए |
| 31 | माता | माताएँ |
| 32 | पिता | पिता |
| 33 | उपाधि | उपाधियाँ |
| 34 | कला | कलाएँ |
| 35 | रेवडी | रेवडियाँ |
| 36 | गली | गलियाँ |
| 37 | गुडिया | गुडियाँ |
| 38 | चादर | चादरें |
| 39 | याद | यादें |
| 40 | खबर | खबरें |

## लिंग

| क्र.सं. | पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|
| 1 | लड़का | लड़की |
| 2 | आदमी | औरत |
| 3 | युवक | युवती |
| 4 | पुरुष | महिला |
| 5 | मालिक | मालकिन |
| 6 | अध्यापक | अध्यापिका |
| 7 | शिक्षक | शिक्षिका |
| 8 | बेटा | बेटी |
| 9 | पिता | माता |
| 10 | पुत्र | पुत्री |
| 11 | छात्र | छात्रा |
| 12 | लेखक | लेखिका |
| 13 | कवि | कवयित्रि |
| 14 | बालक | बालिका |
| 15 | मोर | मोरनी |
| 16 | हाथी | हथिनी |
| 17 | शेर | शेरनी |
| 18 | कुत्ता | कुतिया |
| 19 | बैल | गाय |
| 20 | भाई | बहन |
| 21 | नर | नारी |
| 22 | श्रीमान | श्रीमती |
| 23 | नौकर | नौकरानी |
| 24 | पति | पत्नि |
| 25 | सेवक | सेविका |
| 26 | ठाकुर | ठकुराइन |
| 27 | स्वामी | स्वामिन |
| 28 | गुरु | गुरुवाइन |
| 29 | सन्यासी | सन्यासिनी |
| 30 | शिष्य | शिष्या |
| 31 | मयुर | मयुरी |
| 32 | घोड़ा | घोड़ी |
| 33 | विद्वान | विदुषी |
| 34 | साधु | साध्वी |
| 35 | धोबी | धोबिन |
| 36 | आचार्य | आचार्या |
| 37 | भैंसा | भैंस |
| 38 | देव | देवी |
| 39 | दास | दासी |
| 40 | नायक | नायिका |

## प्रेरणार्थक क्रिया रूप

| क्र.सं. | धातु | क्रिया | प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप | द्वितीय प्रेरणार्थक क्रिया रूप |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लिख | लिखना | लिखाना | लिखवाना |
| 2 | चल | चलना | चलाना | चलवाना |
| 3 | देख | देखना | दिखाना | दिखवाना |
| 4 | भेज | भेजना | भिजाना | भिजवाना |
| 5 | सो | सोना | सुलाना | सुलवाना |
| 6 | धो | धोना | धुलाना | धुलवाना |
| 7 | सी | सीना | सिलाना | सिलवाना |
| 8 | सीख | सीखना | सिखाना | सिखवाना |
| 9 | माँग | माँगना | मँगाना | मँगवाना |
| 10 | बाँट | बाँटना | बँटाना | बँटवाना |
| 11 | जीत | जीतना | जिताना | जितवाना |
| 12 | दे | देना | दिलाना | दिलवाना |
| 13 | सुन | सुनना | सुनाना | सुनवाना |
| 14 | कर | करना | कराना | करवाना |
| 15 | बैठ | बैठना | बिठाना | बिठवाना |
| 16 | दौड | दौडना | दौडाना | दौडवाना |
| 17 | पढ़ | पढ़ना | पढ़ाना | पढ़वाना |
| 18 | खा | खाना | खिलाना | खिलवाना |
| 19 | पी | पीना | पिलाना | पिलवाना |
| 20 | समझ | समझना | समझाना | समझवाना |
| 21 | मिल | मिलना | मिलाना | मिलवाना |
| 22 | चिपक | चिपकना | चिपकाना | चिपकवाना |
| 23 | ठहर | ठहरना | ठहराना | ठहरवाना |
| 24 | पकड | पकडना | पकडाना | पकडवाना |
| 25 | लौट | लौटना | लौटाना | लौटवाना |
| 26 | जग | जगना | जगाना | जगवाना |
| 27 | उठ | उठना | उठाना | उठवाना |
| 28 | हँस | हँसना | हँसाना | हँसवाना |
| 29 | दौड | दौडना | दौडाना | दौडवाना |
| 30 | बड | बडना | बडाना | बडवाना |

## कारक

| क्र.सं | कारक | चिह्न |
|---|---|---|
| 1 | कर्ता कराक | ने |
| 2 | कर्म कारक | को |
| 3 | करण कारक | से |
| 4 | संप्रदान कारक | के लिए, के द्वारा के वास्ते |
| 5 | अपादान कारक | से |
| 6 | संबंध कारक | का, के, की |
| 7 | अधिकरण कारक | में, पर |
| 8 | संबोधन कारक | अरे, हे, ओ,हो, वाह |

## विराम चिह्न

| क्र.सं. | विराम चिह्न का नाम | चिह्न |
|---|---|---|
| 1 | अल्प विराम | , |
| 2 | अर्ध विराम | ; |
| 3 | पूर्ण विराम | । |
| 4 | प्रश्न चिह्न | ? |
| 5 | भावसूचक विस्मयादिबोधक चिह्न | ! |
| 6 | योजक चिह्न | - |
| 7 | उद्धरण चिह्न | “ ” |
| 8 | कोष्टक चिह्न | ( ) |
| 9 | विवरण चिह्न | :- : |

## संधि

| क्र.सं. | दीर्घ संधि | गुण संधि | वृद्धि संधि | यण संधि | अयादि संधि | व्यंजन संधि | विसर्ग संधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सहानुभूति | परमेश्वर | एकैक | अत्यंत | नयन | दिग्गज | निश्चय |
| 2 | समानाधिकार | गजेंद्र | सदैव | अत्यधिक | नायक | अजंत | निष्कपट |
| 3 | कवींद्र | वार्षिकोत्सव | मतैक्य | प्रत्युपकार | भवन | वाग्जाल | नीरस |
| 4 | गिरीश | महोत्सव | परमौज | मन्वंतर | पावन | तद्रूप | दुर्गंध |
| 5 | वधूत्सव | परोपकार | वनौषध | स्वागत | नाविक | षड्दर्शन | मनोरथ |
| 6 | पितृण | महर्षि | महौजस्वी | पित्राज्ञा | रसायन | सज्जन | पुरोहित |
| 7 | धर्माधिकारी | महेंद्र | महौषधि | इत्यादि | चयन | सदाचार | मनोरथ |
| 8 | महींद्र | गणेश | महैश्वर्य | अन्वय | गायक | जगन्नाथ | निश्चिंत |
| 9 | पर्वतावली | सप्तर्षि | धनैश्वर्य | मात्रानंद | नायिका | वागीश | |
| 10 | लघूत्तर | सूर्योदय | महौदार्य | पित्रनुमति | पवित्र | वाग्जल | |
| 11 | विध्यार्थी | रमेश | परमौषध | पित्रुपदेश | पावक | जगनमोहन | |
| 12 | हिमालय | महोर्मि | लोकैश्वर्य | देव्यागमन | भावुक | | |

## समास

| क्र.सं. | अव्ययीभाव समास | कर्मधारय समास | तत्पुरुष समास | द्विगु समास | द्वंद्व समास | बहुव्रीहि समास |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आजन्म | पीतांबर | जलप्रताप | सतसई | पाप-पुण्य | घनश्याम |
| 2 | बेखटके | नीलकंठ | जलधारा | त्रिधारा | सुख-दुख | लंबोदर |
| 3 | भरपेट | कनकलता | ग्रंथकार | पंचवटी | देश-विदेश | चक्रपाणि |
| 4 | यथासंभव | चंद्रमुख | देशभक्ति | शताब्दी | दाल-रोटी | त्रिनेत्र |
| 5 | अनजाने | करकमल | प्रेमसागर | चौराहा | भला-बुरा | दशानन |
| 6 | प्रतिदिन | सदधर्म | कार्य कुशल | त्रिदेव | सीता-राम | नीलकंठ |
| 7 | बेहोश | मुखचंद्र | शरणागत | नवरात्री | दो-चार | श्वेतांबरी |
| 8 | | निलाकाश | नरश्रेष्ठ | त्रिवेणी | सुबह-शाम | वीणापाणी |
| 9 | | | राजमहल | बारहमासा | श्रद्धा-भक्ति | महात्मा |
| 10 | | | राजवंश | | इधर-उधर | |

# रचना भाग

1. कर्नाटक में कन्नड़ भाषा बोली जाती है और इसकी राजधानी बेंगलूरु है । यहाँ देश-विदेश के लोग आकर बस गये हैं ।

ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಕನ್ನಡ ಭಾಷೆ ಮಾತನಾಡುತ್ತಾರೆ ಹಾಗೂ ಬೆಂಗಳೂರು ರಾಜಧಾನಿಯಾಗಿದೆ. ಇಲ್ಲಿ ದೇಶ–ವಿದೇಶಗಳಿಂದ ಬಂದು ಜನರು ವಾಸಿಸುತ್ತಿದ್ದಾರೆ.

Kannada language is spoken in Karnataka and its capital is bengaluru. Here people from india and abroad have come and settled.

2. कर्नाटक में चंदन के पेड विपुल मात्रा में हैं इसलिए कर्नाटक को चंदन का आगार कहते हैं । यहाँ चंदन का तेल, साबुन तथा कलाकृतियाँ भी बनायी जाती हैं ।

ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಶ್ರೀಗಂಧದ ಮರಗಳು ಹೇರಳವಾಗಿವೆ ಆದಕಾರಣ ಕರ್ನಾಟಕವನ್ನು ಶ್ರೀಗಂಧದ ನಾಡು ಎಂದು ಕರೆಯುತ್ತಾರೆ. ಇಲ್ಲಿ ಶ್ರೀಗಂಧದ ಎಣ್ಣೆ ಸಾಬೂನು ಮತ್ತು ಕಲಾಕೃತಿಗಳನ್ನು ತಯಾರಿಸಲಾಗುತ್ತದೆ.

Sandalwood trees are abundant in Karnataka, hence Karnataka called sandalwood store, where sandalwood oil, soap and artefacts are also made.

3. कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है । बादामी, ऐहोले आदि मंदीरो की शिल्पकला और वस्तुकला अद्‌भुत है । बेलूरु, हलेबीडु आदि मंदीरो की पत्थर की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं ।

ಕರ್ನಾಟಕ ರಾಜ್ಯದ ಶಿಲ್ಪಕಲೆಯೂ ಅದ್ಬುತವಾಗಿದೆ. ಬಾದಾಮಿ, ಐಹೊಳೆ ಇತ್ಯಾದಿ ದೇವಾಲಯಗಳ ಶಿಲ್ಪಕಲೆ ಮತ್ತು ವಾಸ್ತಕಲೆ ಅದ್ಭುತವಾಗಿದೆ. ಬೇಲೂರು, ಹಳೆಬೀಡು ಇತ್ಯಾದಿ ದೇವಾಲಯಗಳ ಮೂರ್ತಿಗಳು ಜೀವಂತವಾಗಿರುವಂತೆ ಕಾಣಿಸುತ್ತವೆ.

The carftmanship of the state of Karnataka is unique. The craftsmanship and architecture of the temples like badami, Aihole etc. are amazing. The stone sculptures of the temples like Beluru, Halebidu etc. seem alive.

4. बसंत नोट लेकर बाज़ार की ओर भागता है । राजकिशोर वहीं खड़े रहते हैं । धीरे–धीरे पंद्रह–बीस मिनट बीत जाते हैं ।

ಬಸಂತ ನೋಟು ಹಿಡಿದು ಮಾರುಕಟ್ಟೆಯ ಕಡೆಗೆ ಓಡುತ್ತಾನೆ. ರಾಜಕಿಶೋರ ಅಲ್ಲೆ ನಿಂತಿರುತ್ತಾರೆ. ನಿಧಾನವಾಗಿ ಹದಿನೈದು–ಇಪ್ಪತ್ತು ನಿಮಿಷಗಳು ಕಳೆದವು.

Basant runs towards the market with the note, Rajkishore stands there, slowly 15:20 minutes pass.

5. इंटरनेट द्वारा घर बैठे - बैठे खरीदारी कर सकते हैं। इसकी सहायता से बेरोज़गारी को मिटा सकते हैं ।

ಇಂಟರ್ನೆಟ್ ಮೂಲಕ ಮನೆಯಲ್ಲೇ ಕುಳಿತು ಖರೀದಿ ಮಾಡಬಹುದು, ಇದರ ಸಹಾಯದಿಂದ ನಿರುದ್ಯೋಗವನ್ನು ನಿರ್ಮೂಲನೆ ಮಾಡಬಹುದು.

You can shop sitting at home through the Internet, with the help of this, unemployment can be eradicated.

6. स्टेशन पर मेरा खूब स्वागत हुआ । लगभग दस बड़ी फूल-मालाएँ पहनायी गयी ।

ನಿಲ್ದಾಣದಲ್ಲಿ ನನಗೆ ಅದ್ದೂರಿಯ ಸ್ವಾಗತಿಸಲಾಯಿತು. ಸುಮಾರು 10 ದೊಡ್ಡ ಹೂವಿನ ಹಾರಗಳನ್ನು ಹಾಕಲಾಯಿತು.

I was very well received at the station. About 10 big flower garlands were garlanded.

7. इंटरनेट द्वारा घर बैठे खरीदारी कर सकते है तथा कोई भी बिल भर सकते है ।

ಅಂತರ್ಜಾಲದ ಮುಖಾಂತರ ಮನೆಯಲ್ಲಿಯೇ ಕುಳಿತು ಖರೀದಿ ಮಾಡಬಹುದು ಹಾಗೂ ಯಾವುದೇ ಬಿಲ್ಲನ್ನು ತುಂಬಬಹುದು.

With the help of internet we can purchase anything from home and also we can pay bills.

8. इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है । इंटरनेट एक ओर वरदान है तो दूसरी ओर वह अभिशाप भी है ।

ಇಂಟರ್ನೆಟ್ ಆಧುನಿಕ ಜೀವನಶೈಲಿಯ ಪ್ರಮುಖ ಭಾಗವಾಗಿದೆ. ಇಂಟರ್ನೆಟ್ ಒಂದು ಕಡೆ ವರದಾನವಾಗಿದೆ ಮತ್ತು ಮತ್ತೊಂದು ಕಡೆ ಶಾಪವಾಗಿದೆ.

Internet has become an important part of modern lifestyle. Internet is a boon on the one hand and a curse on the other.

* * *

# अपठित गद्यांश

1. मीरा बहन पर गांधीजी के विचारों का इतना प्रभाव पडा कि वे इंगलैंड छोड़कर भारत आ गई । स्वतंत्रता के बाद मिरा बहन ने उत्तर प्रदेश के एक पर्वतीय गाँव गेंवली में गोपाल आश्रम की स्थापना की । आश्रम में उनका अधिकतर समय पालतू जानवरों की देखभाल में बीतता था । पर्वतीय गाँवों में अक्सर बाघ का डर बना रहता है । जंगल कटने के कारण शिकार को ढूँढते हुए बाघ कभी-कभी गाँव तक पहुँच जाते हैं । गेंवली गाँव में एक बाग घुसकर एक गाय को मार डाला । डरे हुए लोग मीरा बहन के पास गए और उन्हें अपनी चिंता बताई ।

क) मीरा बहन इंगलैंड छोड़कर भारत क्यों आई ?

ख) आश्रम में उनका समय कैसे बीतता था ?

ग) बाघ गाँव तक क्यों पहुँच जाते थे ?

घ) गेंवली गाँव के लोग क्यो डरे हुए थे ?

2. साहित्य दो प्रकार में दिखाई देता है । शिष्ट साहित्य और जनपद साहित्य ज्ञानी और शास्त्रज्ञ जिस साहित्य का सृजन करते हैं उसे शिष्ट साहित्य कहा जाता है । शिष्ट साहित्य लिखित होता है । जनपद साहित्य अलिखित होता है। इसकी रक्षा मौखिक परंपरा से होती है । ज्यादातर जनपद साहित्य ग्रामों में जन्म लेते है ।

क. साहित्य के दो प्रकार कौन-से है ?

ख. शिष्ट साहित्य कैसा होता है ?

ग .जनपद साहित्य क्या है ?

घ. जनपद साहित्य कहाँ जन्म लेते है ?

3. परशुराम ऋषि जमदग्नि के पुत्र थे । एक बार कार्तवीर्य सहस्त्रबाहु शिकार खेलते हुए जमदग्नि के आश्रम में आए । जमदग्नि के पास कामधेनु थी जो विशेष गाय़ थी, कहते हैं कि वह सभी कामनाएँ पूरी करती थी । कार्तवीर्य सहस्त्रबाहु ने ऋषि जमदग्नि से कामधेनु गाय की माँग की । ऋषि द्वारा मना किए जाने पर सहस्त्रबाहु ने कामधेनु का बलपुर्वक अपहरण किया । इस पर क्रोधित होकर परशुराम ने सहस्त्रबाहु का वध कर दिया । इस कार्य की ऋषि जमदग्नि ने बहुत निंदा की और परशुराम को **प्रायश्चित** करने को कहा । उधर सहस्त्रबाहु के पुत्रों ने क्रोध में आकर ऋषि जमदग्नि का वध कर दिया । इस पर पुन: क्रोधित होकर परशुराम ने पृथ्वी क्षत्रिय विहिन करने की प्रतिज्ञा की ।

क. राजा सहस्त्रबाहु जमदग्नि के आश्रम कैसे आए ?

ख. सहस्त्रबाहु ने कामधेनु गाय़ की माँग क्यों की ?

ग. परशुराम ने सहस्त्रबाहु का वध क्यों किया ?

घ. परशुराम ने क्या प्रतिज्ञा की ?

4. हास्य, नीरस–जीवन को सुखद बना देता है, हास्य का जादू सुगंध की तरह चारों ओर फैल जाता है । मनुष्य को जीवन में इतनी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है कि वह अपने जीवन को बहुत मुश्किल समझने लगता हैं । कठिन जीवन जीने योग्य बनाने के लिए जीवन हँसने का अवकाश है । हँसी के सहारे मनुष्य अपने कष्टो को भूलने का प्रयत्न करता हैं । तनाव, व्यस्तता, संघर्ष आदि आज के जीवन की सहज देन हैं ।

क. नीरस जीवन को सुखद कौन बनाता हैं?

ख. आज के जीवन की सहज देन क्या हैं?

ग. मनुष्य अपने कष्टो को कैसे भूलने का प्रयत्न करता हैं?

घ. मनुष्य अपने जीवन को कब मुश्किल समझने लगता है?

* * *

# निबंध

**1. जनसंख्या की समस्या**

जनसंख्या की समस्या प्रति तीन सेकंड में दो बालक जन्म लेते हैं। परंतु भारत में यह समस्या विशेष रूप से विकट बन गई है। भारत क्षेत्रफल की दृष्टि से विश्व का सातवाँ देश है , परंतु जनसंख्या की दृष्टि से दूसरे स्थान पर है। यह केवल चीन से पीछे है। इस समय भारत की जनसंख्या 125 करोड़ से अधिक है। जनसंख्या वृद्धि की वर्तमान गति से अनुमान है कि सन् 2023 ई जनसंख्या की भारत तक .145 करोड़ से कई गुना अधिक होगी।

- **जनसंख्या में वृद्धि के कारण**

जनसंख्या में वृद्धि के कई कारण है।

1. विज्ञान की उन्नति के साथ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सुविधाओं में उन्नति हुई है। फलतः जन्म लेनेवाले शिशुओं की मृत्यु दर में कमी हुई है तथा औसत आयु में वृद्धि हुई है , यानी आजकल एक भारतवासी पहले की अपेक्षा अधिक समय तक जीवित रहता है।
2. प्राचीन मान्यताओं के अनुसार बच्चे भगवान की देन है। अतएव परिवार नियोजन जैसे उपायों को सामान्यतः अच्छी नज़र से नहीं देखा जाता है।
3. यह भी एक दृष्टिकोण है कि अधिक बच्चे होने से काम करने के लिए तथा परिवार की रक्षा करने के लिए अधिक हाथ उपलब्ध होते हैं। उत्पादन की वृद्धि में जनशक्ति के महत्व को कौन नकार सकता है ? अशिक्षा
4. जनसंख्या वृद्धि को रोकने में सबसे अधिक बाधक तत्व है अशिक्षित लोगों को इस बात का ज्ञान नहीं है कि छोटे परिवार के क्या अन्धविश्वास तथा रूढ़िवादिता। इसके फायदे है। दूसरा कारण है अतिरिक्त भारतीय लोग सन्तान को ईश्वरीय देन समझते हैं तथा सतान को भाग्य के साथ जोड़ देते हैं।

- **परिणाम**

जनसंख्या विस्फोट के दुष्परिणाम कई रूपों में दिखाई देते हैं।

1. जनसंख्या के विस्फोट के कारण देश की प्रगति कुंठित होती है। कितने ही महत्वाकांक्षी कार्यक्रम बनाए जाएं , वे अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाते हैं। पिछली बारह पंचवर्षीय योजनाएं भी अधिक जनसंख्या के कारण बौनी साबित हुई हैं। कितनी भी सुनियोजित एवं सुविचारित योजना बनाई जाए , वह कारगर नहीं होती है , क्योंकि जब तक योजना की अवधि पूरी होती है , तब तक जनसंख्या इतनी अधिक हो जाती है कि योजना का सुफल उभर कर नहीं आ पाता है।

2. जनसंख्या विस्फोट के कारण बेकारी की समस्या में भी वृद्धि हुई है , क्योंकि जिस गति से जनसंख्या बढ़ी है उस गति से रोज़गार के साधनों वृद्धि नहीं हुई है । नौकरियों की संख्या सीमित रहती है । अतः हमारे अनेक युवक बेरोज़गार युवतियाँ - की जनसंख्या । हैं रहते बने

3. वृद्धि के कारण अपराधों में वृद्धि हुई है तथा पर्यावरण प्रदूषण की समस्या उत्पन्न हो गई है । पर्यावरण प्रदूषण के फलस्वरूप बीमारियां फैलती हैं और समाज को स्वस्थ रखने की समस्या उत्पन्न हो जाती है । वस्तुओं की मूल्य वृद्धि का एक प्रमुख कारण भी बढ़ती हुई जनसंख्या है । उत्पादन की तुलना में जब किसी वस्तु की मांग अधिक हो तो उस वस्तु के मूल्य में वृद्धि हो जाती है ।

- उपचार

हम सबका यह कर्तव्य है कि इस समस्या के निराकरण में पूरा योगदान दें । व्यक्तिगत रूप में परिवार को छोटे से छोटा रखने का प्रयास करें । हमे यह समझ लेना चाहिए कि अधिक बच्चों का पालन बच्चों । है होता कठिन बहुत पोषण - की संख्या जितनी कम होगी , उनकी देखभाल अधिक अच्छी तरह से कर सकेंगे ।

हमारी सरकार तथा सामाजिक संस्थाओं को चाहिए कि सभाओं, गोष्ठियों संचार माध्यमों द्वारा छोटे परिवार से होनेवाले फायदों का प्रचार । करें प्रसार - कहने का तात्पर्य है कि परिवार को सीमित रखने की मानसिकता का प्रचार हर स्तर पर किया जाए , जिससे जनसंख्या नियंत्रण को जीवन का एक आवश्यक अंग मान लिया जाये ।

- उपसंहार

हमारे देश के विकास में जनसंख्या की वृद्धि एक बहुत बड़ी बाधा है । यातायात , शिक्षा , रोजगार आदि विविध क्षेत्रों में जनसंख्या की वृद्धि सिरदर्द बन गई है । इस समस्या से छुटकारा पाने का एक ही उपाय है प्रत्येक नागरिक इस समस्या का हल करने में सहायक हो । हमें निम्न पंक्तियाँ जन जन – तक पहुंचानी चाहिए

" सार यह का जीवन सुखमय
दो बच्चों का हो परिवार । "

* * *

**2.** स्वच्छ भारत अभियान

* प्रस्तावना

अपने प्रधानमंत्री बनने के बाद माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने गांधी जयंती के अवसर पर 02 अक्टूबर 2014, को इस अभियान का आगाज़ किया था। भारत को स्वच्छ करने की परिवर्तन कारी मुहिम चलाई थी। भारत को साफ-सुथरा देखना गांधी जी का सपना था। गांधी जी हमेशा लोगों को अपने आस-पास साफ-सफाई रखने को बोलते थे।स्वच्छ भारत के माध्यम से विशेषकर ग्रामीण अँचल के लोगो के अंदर जागरूकता पैदा करना है कि वो शौचालयों का प्रयोग करें, खुले में न जाये। इससे तमाम बीमारियाँ भी फैलती है। जोकि किसी के लिए अच्छा नहीं है।

*स्वच्छ भारत अभियान की जरुरत

इस मिशन की कार्यवाही निरंतर चलती रहनी चाहिये। भौतिक, मानसिक, सामाजिक और बौद्धिक कल्याण के लिये भारत के लोगों में इसका एहसास होना बेहद आवश्यक है। ये सही मायनों में भारत की सामाजिक स्थिति को बढ़ावा देने के लिये है, जो हर तरफ स्वच्छता लाने से शुरु किया जा सकता है। यहाँ नीचे कुछ बिंदु उल्लिखित किये जा रहे है जो स्वच्छ भारत अभियान की आवश्यकता को दिखाते है।

* ये बेहद जरुरी है कि भारत के हर घर में शौचालय हों, साथ ही खुले में शौच की प्रवृति को भी खत्म करने की आवश्यकता है ।
* नगर निगम के कचरे का पुनर्चक्रण और दुबारा इस्तेमाल, सुरक्षित समापन, वैज्ञानिक तरीके से मल प्रबंधन को लागू करना ।
* खुद के स्वास्थ्य के प्रति भारत के लोगों की सोच और स्वभाव में परिवर्तन लाना और साफ-सफाई की प्रक्रियों का पालन करना ।
* ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों में वैश्विक जागरुकता लाने करने के लिये और सामान्य लोगों को स्वास्थ्य से जोड़ने के लिये ।
* इसमें काम करने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर कचरे के निष्पादन का नियंत्रण करना, खाका तैयार करने के लिये मदद करना ।
* पूरे भारत में साफ-सफाई की सुविधा को विकसित करने के लिये निजी क्षेत्रों की हिस्सेदारी को बढ़ाना । भारत को स्वच्छ और हरियाली युक्त बनाना ।
* ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना ।
* स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से समुदायों और पंचायती राज संस्थानों को निरंतर साफ-सफाई के प्रति जागरुक करना ।

*उपसंहार

हालांकि इस अभियान की कार्यावधि अब समाप्त हो गयी है फिर भी इस अभियान ने लोगो के दिलो में स्वछता की वो मशाल जला दी है जो अब बुझने वाली नहीं है, यदि हम सब स्वच्छ भारत अभियान को अपने जीवन का एक हिस्सा बना ले तो वो दिन दूर नहीं जब भारत का सिर्फ एक शहर ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत स्वच्छ हो जायेगा, इस प्रकार स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत का सपना भी सच हो जायेगा ।

* * *

## 3. इटरनट क्रांति

*** प्रस्तावना**

'इंटरनेट' शब्द को आज सभी लोग जानते हैं। बच्चे हों या बड़े सभी लोग इसका प्रयोग करना अच्छी तरह से जानते हैं। अगर सही अर्थों में देखा जाए तो आज इंटरनेट हम सभी के लिए जीने की वजह बन चुका है। इंटरनेट ने आज हमारी बहुत सी मुश्किलों को आसान कर दिया है जिसकी वजह से हमें हर काम बहुत आसान लगता है।

* इंटरनेट का अर्थ

इंटरनेट अनगिनत कांप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दसूरे से संबंध स्थापित करने का जाल है।

*** इंटरनेट का महत्त्व**

(i) इंटरनेट मनुष्य को विज्ञान द्वारा दिया गया एक सर्वश्रेष्ठ उपहार है। इंटरनेट अनंत संभावनाओं का साधन है। इंटरनेट के माध्यम से हम कोई भी सूचना, चित्र, वीडियो आदि दुनिया के किसी भी कोने से किसी भी कोने तक पल भर में भेज सकते हैं। इंटरनेट के माध्यम से हम ई-मेल भेज सकते हैं और प्राप्त भी कर सकते हैं।

(ii) यह संदेश भेजने का और प्राप्त करने का सबसे सरल और सस्ता साधन है। इंटरनेट के माध्यम से हम दुनिया के किसी भी कोने में बैठे हुए अपने दोस्त अथवा संबंधियों से बात कर सकते हैं।

(iii) इंटरनेट के माध्यम से हम अपने विचारों और वस्तुओं का पूरी दुनिया में प्रचार कर सकते हैं। यह विज्ञापन का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम है।

(iv) इंटरनेट के माध्यम से हम व्यापार भी कर सकते हैं और अपनी वस्तुओं और सेवाओं का क्रय-विक्रय भी कर सकते हैं। इसका सबसे बड़ा साधन वेबसाईट है।

* इंटरनेट के लाभ

(i) इंटरनेट की सहायता से हम किसी भी प्रकार की जानकारी और किसी भी सवाल का हल कुछ ही पलों में प्राप्त कर सकते हैं।

(ii) इंटरनेट के माध्यम से दुनिया के किसी भी कोने में बैठे किसी भी व्यक्ति से बिना शुल्क के घंटों तक बातें कर सकते हैं।

(iii) इंटरनेट एक वर्ल्ड वाइड वेब है, जिसकी सहायता से हम दुनिया के किसी भी कोने में अपनी मेल या जरूरी दस्तावेजों को पलक झपकते ही भेज सकते हैं और प्राप्त कर सकते हैं।

(iv) इंटरनेट मनोरंजन का एक बहुत अच्छा माध्यम है। इंटरनेट के माध्यम से संगीत, गेम्स, फिल्म आदि को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के डाऊनलोड कर सकते हैं और अपनी बोरियत को दूर कर सकते हैं।

(v) सोशल नेवर्किंग साइट्स के माध्यम से हम नए-नए दोस्त बना सकते हैं जिससे हमें बहुत कुछ नया सीखने को मिलता है।

* इंटरनेट की हानियाँ

(i) इंटरनेट पर सुविधा की वजह से व्यक्तिगत जानकारी की चोरी बढ़ गई है, जैसे- क्रेडिट कार्ड नंबर, बैंक कार्ड नंबर आदि।

(ii) आज के समय में इंटरनेट का प्रयोग जासूसों के द्वारा देश की सुरक्षा व्यवस्था को भेदने के लिए किया जाने लगा है जो कि सुरक्षा दृष्टि से खतरनाक है। आज के समय में गोपनीय दस्तावेजों की चोरी भी होने लगी है।

(iii) गोपनीय दस्तावेजों की चोरी के लिए स्पामिंग का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक अवांछनीय ई-मेल होती है जिसके माध्यम से गोपनीय दस्तावेजों की चोरी की जाती है।

* उपसंहार

इंटरनेट आज की दुनिया में हर किसी के जीवन के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इंटरनेट जानकारियों का समूह है जो दुनिया के सभी कंप्यूटरों से जानकारी प्राप्त करके हमें सर्च इंजन और अन्य वेबसाइटों की सहायता से सूचनाएँ प्रदान करता है। इंटरनेट के कारण दुनिया के प्रत्येक व्यक्ति को इससे लाभ पहुंचा है, लेकिन आज भी हमारे देश के कई ऐसे स्थान हैं जहाँ पर इंटरनेट पहुँच नहीं पाया है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति तक इंटरनेट पहुँचना चाहिए। इंटरनेट का उपयोग मात्र मनोरंजन के लिए करना सही नहीं है क्योंकि इंटरनेट से हम कई प्रकार के ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं और विश्व को एक नए स्तर पर ले जा सकते हैं।

## 4.पर्यावरण बचाओ

*** प्रस्तावना**

हमारे पूरे परिवेश और जीव जगत जिसमें हवा, पानी और सूर्य का प्रकाश आदि भी शामिल है, इसके अलावा विकास और वृद्धि में अपना योगदान देने वाले जीवित जीव जैसे कि पशु-पक्षी, पेड़-पौधे, मनुष्य आदि साथ मिलकर पर्यावरण का निर्माण करते है।

* पर्यावरण संरक्षण का महत्व

आज के औद्योगिक और शहरी क्षेत्र के पर्यावरण में पक्की सड़के, कई मंजिला कंक्रीट के इमारत और गगनचुंबी इमारते भी शामिल है।

*इनका मुख्य मकसद बढ़ती आबादी के लिए सुविधाएं तैयार करना तथा धनी और संभ्रांत वर्ग के जीवन को सुविधा और विलासतापूर्ण बनाना है। हालांकि, इस औद्योगिक और शहरी आंदोलन के बावजूद भी प्राकृतिक संसाधनो पर मनुष्य की निर्भरता पहले के ही भांति बनी हुई है। इन आवश्यकताओ को ध्यान में रखते हुए इन संसाधनो की सुरक्षा बहुत ही जरुरी हो गई है। इन संसाधनो को इस प्रकार से वर्गीकृत किया गया है।

*** नवकरणीय संसाधनः** जैसा कि इसके नाम से ही पता चलता है कि यह वह संसाधन है, जिन्हे प्राकृतिक रुप से पुनः प्राप्त किया जा सकता है, जैसे कि वर्षा और पेड़-पौधो की पुनः वृद्धि आदि। हालांकि यदि इसी प्रकार प्रकृति के पुनः आपूर्ति के पहले ही इनका से तेजी से इनका उपभोग होता रहा तो आने वाले समय में रबर, लकड़ी, ताजा पानी जैसे यह वस्तुएं पूर्ण रुप से समाप्त हो जायेंगी।

***गैर-नवकरणीय संसाधनः** यह संसाधन लाँखो वर्षो पूर्व जमीन के अंदर निर्मित हुए है, इसलिए इनकी पुनः प्राप्ति संभव नही है। इनका सिर्फ एक बार ही उपयोग किया जा सकता है। इसके अंतर्गत जीवाश्म ईंधन जैसे कि कोयला और तेल आदि आते है, जिन्हे फिर से नवीकृत नही किया जा सकता है।

*** पर्यावरण को बचाने के उपाय**

इतिहास के पन्नो को पलटने पे पता चलता है कि हमारे पूर्वज पर्यावरण संरक्षण को लेकर हमसे कही ज्यादे चिंतित थे। इसके लिए हम सुंदरलाल बहुगुणा को मिसाल के तौर पर देख सकते है, जिन्होने वन्य संसाधनो के सुरक्षा के लिए चिपको आंदोलन की शुरुआत की थी। ठीक इसी प्रकार मेधा पाटेकर ने जनजातीय लोगो के लिए पर्यावरण सुरक्षा के प्रभावी प्रयास किए थे, जो कि  नर्मदा नदी पर बन रहे बांध से नकरात्मक रुप से प्रभावित हुए थे।

*हमे 3 आर (3R) के धारणा को बढ़ावा देना चाहिए, जिसके अंतर्गत रेड्यूज़, रीसायकल रीयूज जैसे कार्य आते है। जिसमें हम गैर नवकरणीय ऊर्जा के स्त्रोतो के अधिक उपयोग को कम करके जैसे कि लोहा बनाने के लिए लोहे के कचरे का इस्तेमाल करना जैसे उपाय कर सकते है।

*ऊर्जा बचाने वाले ट्यूब लाइट और बल्ब आदि उत्पादो का उपयोग करना।

*पेपर और लकड़ी का कम उपयोग करना जितना ज्यादे हो सके ई-बुक और ई-पेपर का इस्तेमाल करना।

*जीवाश्म ईंधन का उपयोग कम से कम करना कही आने-जाने के लिए पैदल, कार पूल या सार्वजनिक परिवाहन जैसे उपायो का उपयोग करना।

*प्लास्टिक बैग के जगह जूट या कपड़े के बैग का इस्तेमाल करना।

*** निष्कर्ष**

इस समय सबसे महत्वपूर्ण यह है कि हमें इन संसाधनो के दुरुपयोग को रोकना होगा और बहुत ही विवेकपूर्ण तरीके से इनका उपयोग करना होगा, क्योकि पृथ्वी द्वारा इनके इतने तेजी से हो रहे उपयोग को अब और नही बर्दाश्त किया जा सकता है। यह तभी संभव है जब हम सरकार के ऊपर निर्भरता छोड़कर व्यक्तिगत रुप से इस समस्या के समाधान के लिए जरुरी कदम उठायें।

## 5. चंद्रयान - 3

चाँद पर खोजबीन करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा भेजा गया तीसरा भारतीय चंद्र मिशन है। इसमें चंद्रयान-2 के समान एक लैंडर और एक रोवर है, लेकिन इसमें ऑर्बिटर नहीं है। यह मिशन चंद्रयान-2 की अगली कड़ी है, क्योंकि पिछला मिशन सफलता पूर्वक चाँद की कक्षा में प्रवेश करने के बाद अंतिम समय में मार्गदर्शन सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण सॉफ्ट लैंडिंग में विफल हो गया था, सॉफ्ट लैंडिंग का पुनः सफल प्रयास करने हेतु इस नए चंद्र मिशन को प्रस्तावित किया गया था।

चंद्रयान-3 का लॉन्च सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (शार), श्रीहरिकोटा से 14 जुलाई, 2023 शुक्रवार को भारतीय समय अनुसार दोपहर 2:35 बजे हुआ था। यह यान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास की सतह पर 23 अगस्त 2023 को भारतीय समय अनुसार सायं 06:04 बजे के आसपास सफलतापूर्वक उतर चुका है। इसी के साथ भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक अंतरिक्ष यान उतारने वाला पहला और चंद्रमा पर उतरने वाला चौथा देश बन गया।

- इतिहास

चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की काबिलियत प्रदर्शित करने के लिए चंद्रयान कार्यक्रम के दूसरे चरण में, इसरो ने एक ऑर्बिटर, एक लैंडर और एक रोवर से युक्त लॉन्च वाहन मार्क -3 (एलवीएम 3) नामक लॉन्च वाहन पर चंद्रयान-2 लॉन्च किया।[12] प्रज्ञान रोवर को तैनात करने के लिए लैंडर को सितंबर, 2019 को चंद्र सतह पर टचडाउन करना था।

इससे पहले चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर एक मिशन पर जापान के साथ सहयोग के बारे में रिपोर्टें सामने आई थीं, जहां भारत लैंडर प्रदान करता जबकि जापान लॉन्चर और रोवर दोनों प्रदान करने वाला था। मिशन में साइट सैंपलिंग और चाँद पर रात के समय सर्वाइव करने की टेक्नोलॉजी शामिल करने की भी संभावनाएँ थीं।

विक्रम लैंडर की बाद की विफलता के कारण 2025 के लिए जापान के साथ साझेदारी में प्रस्तावित चंद्र ध्रुवीय खोजबीन मिशन (LUPEX) के लिए आवश्यक लैंडिंग क्षमताओं को प्रदर्शित करने के लिए एक और मिशन (चंद्रयान-3) करने का प्रस्ताव दिया गया। मिशन के महत्वपूर्ण फ्लाइट ऑपरेशन के दौरान, यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) द्वारा संचालित यूरोपीय अंतरिक्ष ट्रैकिंग (एस्ट्रैक) एक अनुबंध के अंतर्गत इस मिशन को सपोर्ट प्रदान करेगी।

चंद्रयान-3 को 14 जुलाई 2023 शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से दोपहर 2:35 मिनट पर लॉन्च किया गया।

- उद्देश्य

इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए तीन मुख्य उद्देश्य निर्धारित किए हैं, जिनमें शामिल हैं:

1. लैंडर की चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग कराना।
2. चंद्रमा पर रोवर की विचरण क्षमताओं का अवलोकन और प्रदर्शन।
3. चंद्रमा की संरचना को बेहतर ढंग से समझने और उसके विज्ञान को अभ्यास में लाने के लिए चंद्रमा की सतह पर उपलब्ध रासायनिक और प्राकृतिक तत्वों, मिट्टी, पानी आदि पर वैज्ञानिक प्रयोग करना।

चंद्रयान-2 के *विक्रम* के विपरीत, जिसमें पांच 800 न्यूटन इंजन थे और पांचवां एक निश्चित थ्रस्ट के साथ केंद्रीय रूप से लगाया गया था। चंद्रयान-3 के लैंडर में केवल चार थ्रॉटल-सक्षम इंजन होंगे, इसके अतिरिक्त, चंद्रयान-3 लैंडर लेजर डॉपलर वेलोसीमीटर (एलडीवी) से लैस होगा। चंद्रयान-2 की तुलना में *इम्पैक्ट लेग्स* को मजबूत बनाया गया है और उपकरण की खराबी का सामना करने के लिए एक से अधिक उपाय किए गए हैं। लैंडर पर तापीय चालकता और तापमान को मापने के लिए *चंद्रा सरफेस थर्मोफिज़िकल एक्सपेरिमेंट* (ChaSTE, चेस्ट), लैंडिंग साइट के आसपास भूकंपीयता को मापने के लिए *इंस्ट्रूमेंट फॉर लूनर सेसमिक ऐक्टिविटी* (ILSA) व प्लाज्मा घनत्व और इसकी विविधताओं का अनुमान लगाने के लिए *लेंगमुइर प्रोब* (RAMBHA-LP) नामक भारतीय पेलोड शामिल हैं। इसके अतिरिक्त नासा से एक निष्क्रिय लेजर रिट्रोरिफ्लेक्टर ऐरे को चंद्र लेजर रेंजिंग अध्ययनों के लिए इसमें समायोजित किया गया है।

प्रज्ञान 6 पहियों वाला लगभग 26 किलोग्राम वज़नी एक रोवर है जो 500 मीटर के दायरे में कार्य करने की क्षमता रखता है। प्रज्ञान रोवर लैंडिंग साइट के आसपास तत्व संरचना का पता लगाने के लिए *अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर* (APXS) और *लेज़र इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप* (LIBS) नामक पेलोड से युक्त है।

* * *

# पत्रलेखन

## व्यावहारिक पत्र

1. बहन की शादी में भाग लेने के कारण देते हुए प्रधानाध्यापक जी के नाम एक छुट्टी पत्र लिखिए ।

दिनांक: 08-08-2023

प्रेषक,

सुमन

10 वीं कक्षा

सरकारी हाईस्कूल

धारवाड – 580 001

सेवा में,

प्रधानाध्यापक

सरकारी हाईस्कूल

धारवाड – 580 001

आदरणीय महोदय,

विषय : तीन दिनों की छुट्टी प्रार्थना हेतु ।

उपर्युक्त विषय के संबंध में आपसे निवेदन है कि दि : 09-08-2023 से दि : 11-08-2023 तक मुझे अपने भाई की शादी में भाग लेने के लिए बेंगलूरु जाना है , इसलिए मैं विद्यालय नहीं आ सकती । अतः आपसे प्रार्थना करती हूँ कि इन तीन दिनों की छुट्टी देने की कृपा करें ।

धन्यवाद सहित,

आपकी आज्ञाकारी छात्रा

सुमन

## व्यक्तिगत पत्र

2. शैक्षिक प्रवास जाने के लिए 2000 रुपए भेजने की विनती करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।

दिनांक : 11-11-2023

पूज्य पिताजी,

सादर प्रणाम।

मैं यहाँ आपके आशीर्वाद से कुशल हूँ। आपका पत्र मिला, पढ़कर अत्यंत खुशी हुई। मेरी पढ़ाई ठीक चल रही है। आपकी आज्ञानुसार मन लगाकर दिन रात पढ़ाई में व्यस्त रहता हूँ। खेल-कूद में या गपशप में ज्यादा समय नहीं गँवा रहा हुँ। हमारे स्कूल की ओर से अगले महीने 10 से 13 तारीख तक शैक्षिक यात्रा का आयोजन हुआ है। उसमें मेरे सारे मित्र जा रहे हैं उनके साथ मैं भी जाना चाहता हूँ। इसलिए मुझे रु . 2000 भेजने की कृपा करें।
माताजी को मेरा प्रणाम, छोटी बहन प्रिया को ढ़ेर सारा प्यार।

आपका आज्ञाकारी बेटा
विवेक

सेवा में,
रमेश. N
घर नं. 3/21, वेंकटेश निवास
विद्या नगर
मैसूरु - 570 001

# प्रश्न पत्र की रूपरेखा

# प्रश्न और अंक के संबंध में

| विषय | ब.वि. प्रश्न (व्याकरण) | 1अंक के प्रश्न | 2 अंक के प्रश्न | 3 अंक के प्रश्न | 4 अंक के प्रश्न | 5 अंक के प्रश्न | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न संख्या | **8** | **4+4 =8** | **8** | **9** | **4** | **1** | **38** |
| अंक भार | **8** | **4+4=8** | **16** | **27** | **16** | **5** | **80** |
| विवरण | लिंग, वचन, विलोम शब्द, पेरणार्थक क्रिया रूप, संधि, समास, कारक, विराम चिन्ह | 4 प्रश्न अनुरुपता (3 गद्य से 1पद्य से) 4 प्रश्नोत्तर (2 गद्य से 2 पद्य से) | 4 प्रश्न गद्य से 2 प्रश्न पद्य से 2 पूरक वाचन | 5 प्रश्न गद्य से 3 प्रश्न पद्य से 1अनुवाद | 1 प्रश्न गद्य से 1 प्रश्न पद्य से (कंठस्थ) 1 अपठित गद्यांश 1 निबंध | 1 पत्र लेखन | |

## विषय से संबंध

| विषय | गद्य भाग | पद्य भाग | पूरक वाचन | व्याकरण | रचना भाग | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न | **15** | **9** | **2** | **8** | **4** | **38** |
| अंक | **32** | **20** | **4** | **8** | **16** | **80** |

**4x4 = 16**

## रचना भाग

| विषय | अनुवाद | अपठित गद्यांश | निबंध | पत्रलेखन | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रश्न | **1** | **1 ( 1x4)** | **1** | **1** | **4** |
| अंक | **3** | **4** | **4** | **5** | **16** |

# SSLC Model Paper-1

**Subject:** तृतीय भाषा हिंदी **Code No: 61-H**

**Max. Marks: 80**

---

**I.** निम्नलिखित प्रश्नों के लिए के चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए:

**8x1=8**

1. 'अच्छा' शब्द का विलोमार्थक है,

   A. अच्छाई  B. बुरा  C. बुराई  D. गुण

2. इन शब्दों में एकवचन रूप है,

   A. कहानियाँ  B. बातें  C. डंडे  D. आँख

3. इनमें से स्त्रीलिंग शब्द है,

   A. लेखक  B. माता  C. मयूर  D. बेटा

4. इनमें से प्रथम प्रेरणार्थक है,

   A. करना  B. चलाना  C.लिखना  D. पढ़ना

5. क्या यह सही उत्तर है- इस वाक्य के लिए सही वीराम चिह्न है,

   A.प्रश्नवाचक  B. अल्प विराम  C. विस्मयादि बोधक  D. पूर्ण विराम

6. 'एकैक' शब्द में यह संधि हैं,

   A. दीर्घ  B. गुण  C. वृद्धि  D. यण

7. टेबल – – – – पुस्तक है। रिक्त स्थान में निम्न आनेवाला कारक यह है,

   A. से  B.पर  C. में  D. के

8. ' राजमहल ' शब्द इस समास का उदाहरण है-

   A.द्वंद्व  B. कर्मधारय  C. द्विगु  D. तत्पुरुष

**II.** निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के संबंध के अनुरुप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : **4x1=4**

9. कश्मीरी सेब: कहानी :: गिल्लू : ______

10. जैनुलाबदीन : पक्षी लक्षमण शास्त्री :: अब्दुल कलाम : ________

11. गोलगुम्बज : विजयपुर :: गोम्मटेश्वर : ________

12. सूरदास : कृष्ण भक्ती :: तुलसी दास : ________

**III.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक **पूर्ण** वाक्य में लिखिए : **4x1=4**

13. लेखक को सम्मेलन में क्यों बुलाया गया ?

14. लेखक चीज़ें खरीदने कहाँ गये थे ?

15. मातृभूमि के उर में कौन-कौन शायित हैं ?

16. नर किसको एक समान लाँघ सकता है ?

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए: **8x2=16**

17. जलालुद्दीन कलाम जी को नई दुनिया का बोध कराया ? कैसे ?

18.' कश्मीर सेब' पाठ का आशय लिखिए।

19.मछली ने दोस्तों के प्रश्न का क्या जवाब दिया?

20. गाँव को आदर्श गाँव कैसे बनाया जा सकता है ? स्पष्ट कीजिए।

21. मातृभूमी का प्रकृती चित्रण दीजिए।

22. क्रोधित कृष्ण को माता यशोदा कैसे मनाती है ?

23. शनि सुंदर ग्रह है ? कैसे ? वर्णन कीजिए ।

अथवा

शनि का वायुमंडल किससे बना है ?

24.'सत्य' क्या होता है ? उसका रूप कैसे होता है ?

अथवा

नागरीको के कोई तीन कर्तव्य लिखिए।

**V.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए: **9x3=27**

25. गिल्लू के क्रिया कलाप के बरे में लिखिए।

26. बसंत ईमानदार एक लड़का है। कैसे ? वर्णन कीजिए।

27. ' महिला की साहस गाथा' पाठ का आशय लिखिए।

28. सोशयल नेटवर्किंग एक क्रांतिकारी खोज है | कैसे ?

29. रोबोनिल और रोबोदीप की मुलाकात का वर्णन कीजिए।

30. आधुनिक मनुष्य का परिचय दीजिए।

31. समय का सदुपयोग कैसे करना चाहिए ?

**32.** निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान।
तुलसी दया न छाँडिये, जब लग घट में प्राण ॥

**33.** गध्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

ईमानदारों के सम्मेलन के मुख्य अतिथि लेखक हरिशंकर परसाई थे। उन्होंने सम्मेलन का उद्घाटन किया। सम्मेलन का उद्घाटन बड़ा ही शानदार हुआ।

**VI.** निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच-छ: वाक्यों में लिखिए : **2x4=8**

34. बसंत एक ईमानदार लड़का है। कैसे ? वर्णन किजीए ।

अथवा

राजकिशोर के मानवीय व्यवहार का परिचय दीजिए।

**35.** निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ____________________

______________________________

____________________________

____________________भागो तुम।

**VII. 36.** **निम्नलिखित गध्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **4x1=4**

साहित्य दो प्रकार में दिखाई देता है। शिष्ट साहित्य और जनपद साहित्य ज्ञानी और शास्त्रज्ञ जिस साहित्य का सृजन करते हैं उसे शिष्ट साहित्य कहा जाता है। शिष्ट साहित्य लिखित होता है। जनपद साहित्य अलिखित होता है। इसकी रक्षा मौखिक परंपरा से होती है। ज्यादातर जनपद साहित्य ग्रामों में जन्म लेते है।

अ. साहित्य के दो प्रकार कौन-से है ?

आ. शिष्ट साहित्य कैसा होता है ?

इ .जनपद साहित्य क्या है ?

ई. जनपद साहित्य कहाँ जन्म लेते है ?

**VIII. 37.** **दिए गए बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** **1x4=4**

क. स्वच्छ भारत अभियान

* प्रस्तावना
* महत्व
*आवश्यकता
*उपसंहार

ख. अनमोल समय

*प्रस्तावना
*महत्व
*आवश्यकता
*उपसंहार

ग. जनसंख्या की समस्या

*प्रस्तावना
*वृद्धि के कारण और परिणाम
*उपचार
*उपसंहार

**IX. 38.** **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** **1x5=5**

अपनी बहन की शादि के कारण दो दिन की छुट्टी के लिए प्रधानाध्यपक के नाम पत्र लिखिए।

अथवा

पढ़ाई के बारे में सलाह देते हुए अपने भाई के नाम पत्र लिखिए।

**SSLC Model Paper-2**

**Subject: तृतीय भाषा हिंदी Code No: 61-H** **Max. Marks: 80**

**I.** निम्नलिखित प्रश्नों के लिए के चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : **8x1=8**

1. 'आवश्यक' शब्द का विलोम शब्द है-
   A. आवश्यकताएँ B. अनावश्यक C. आवश्यक D. आवश्यकताओं

2. निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द है-
   A. श्रीमती B. लेखिका C. देवी D. श्रीमान

3. निम्नलिखित में से बहुवचन शब्द है-
   A. रास्ता B. प्रतियाँ C. आँख D. कमरा

4. 'गिरना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक रूप है-
   A. गिराना B. गिर जाना C. गिर D. गिरवाना

5. 'महोत्सव' शब्द में संधि है-
   A. दीर्घ B.यण C. गुण D. व्यंजन

6. रेलगाडी ___ दिल्ली निकलती है। रिक्त स्थान में सही कारक होगा-
   A. का B. से C. ने D. पर

7. इसके बाद क्या करना पडेगा इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न है-
   A. प्रशनवाचक B. पूर्ण विराम C. विस्मयादिबोधक D. अल्पविराम

8. निम्नलिखित में से 'द्वंद्व समास' का उदाहरण है-
   A. रात - दिन B. त्रैमासिक C. नेत्रहीन D. यथावत

**II.** निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के संबंध के अनुरुप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : **4x1=4**

9. जलालुद्दीन: जीजा:: शम्शुद्दीन:________

10. मेजर : कुमार :: कर्नल :__________

11. कावेरी : नदी : : जोग :_____________

12. तुलसीदास : रामभक्त : : सूरदास :________

**III.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : **4x1=4**

13. पं. राजकिशोर कहाँ रहते थे ?

14. हरीशंकर परसाई जी की चप्पलें किसने पहनी थी ?

15. सियारामशरण गुप्त के अनुसार समय किसका दिया हुआ अनुपम धन है ?

16. मुख किसका पालन पोषण करता है?

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए:** **8x2=16**

17. भारत माता के प्रकृति सौंदर्य का वर्णन कीजिए।
18. 'कश्मीरी सेब' पाठ से हमे क्या सीख मिलती है ?
19. अभिनव मनुष्य कविता के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ?
20. नमाज़ के बारे में जैनुलाबदीन के विचार क्या थे ?
21. मछली ने दोस्तों के प्रश्न का क्या जवाब दिया?
22. कलेक्टर साहब ने बच्चों की बड़ाई मे क्या कहा?
23. शनि की सतह पर उतर पाना आदमी के लिए संभव नही है क्यों ?

    अथवा

    शनि किसका पुत्र है ? शनैःचर का अर्थ क्या है ?
24. सत्य के बारे में गांधी जी का विचार क्या थे ?

    अथवा

    मीना मैडम ने छात्रों से अंत में क्या कहा ?

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए:** **9x3=27**

25. लेखिका ने गिलहरी को क्या-क्या सिखाया ?
26. वीडियो कान्फ़रेन्स के बारे में लिखिए।
27. लेखक के धूप का चश्मा का खो जाने की घटना का वर्णन कीजिए।
28. हम किस तरह समय का सदुपयोग कर सकते है ?
29. महिला कि साहस गाथा' पाठ से हमें कौन-सा संदेश मिलता है ?
30. माँ यशोधा से कृष्ण क्या-क्या शिकायते करता है ?
31. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी?

**32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार।

तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार॥

**33. गध्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :**

इंटरनेट आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण अंग बन गया है। इंटरनेट एक ओर वरदान है तो, दूसरी ओर वह अभिशाप भी है।

**VI. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **2x4=8**

34. संचार व सुचना के क्षेत्र में इंटरनेट का क्या महत्व है?

    अथवा

    'सोशल नेटवर्किंग' एक क्रांतिकारी खोज है। कैसे ?

**35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :**

असफलता________________________

________________________________

________________________________

______________________भागो तुम।

**VII. 36. निम्नलिखित गध्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4x1=4**

मीरा बहन पर गांधीजी के विचारों का इतना प्रभाव पडा कि वे इंगलैंड छोड़कर भारत आ गई। स्वतंत्रता के बाद मिरा बहन ने उत्तर प्रदेश के एक पर्वतीय गाँव गेंवली में गोपाल आश्रम की स्थापना की। आश्रम में उनका अधिकतर समय पालतू जानवरों की देखभाल में बीतता था। पर्वतीय गाँवों में अक्सर बाघ का डर बना रहता है। जंगल कटने के कारण शिकार को ढूँढते हुए बाघ कभी-कभी गाँव तक पहुँच जाते हैं। गेंवली गाँव में एक बाग घुसकर एक गाय को मार डाला। डरे हुए लोग मीरा बहन के पास गए और उन्हें अपनी चिंता बताई।

अ. मीरा बहन इंगलैंड छोड़कर भारत क्यों आई ?

आ. आश्रम में उनका समय कैसे बीतता था ?

इ. बाघ गाँव तक क्यों पहुँच जाते थे ?

ई. गेंवली गाँव के लोग क्यों डरे हुए थे ?

**VIII. 37. दिए गए बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1x4=4**

क. जनसंख्या समस्या

* प्रस्तावना

* वृध्दि के कारण

*जनसंख्या नियंत्रण के उपाय

*उपसंहार

ख. इंटरनेट क्रांति

* प्रस्तावना

*लाभ – हानि

*उपसंहार

ग. नागरिक के कर्तव्य

* प्रस्तावना

*कर्तव्य

*उपसंहार

**IX. 38. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1x5=5**

सकारण देते हुए 3 दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक को छुट्टी पत्र लिखिए।

अथवा

शैक्षिक प्रवास जाने के लिए 2000 रुपए भेजने की विनती करते हुए पिताजी को पत्र लिखिए।

**A**

**CCE RF/PF/RR/PR/NSR/NSPR FULL SYLLABUS**

ಕರ್ನಾಟಕ ಶಾಲಾ ಪರೀಕ್ಷೆ ಮತ್ತು ಮೌಲ್ಯನಿರ್ಣಯ ಮಂಡಲಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003

**KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD, MALLESHWARAM, BENGALURU – 560 003**

ಮಾರ್ಚ್/ಏಪ್ರಿಲ್ 2024 ರ ಪರೀಕ್ಷೆ - 1

**MARCH/APRIL 2024 EXAMINATION - 1**

ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು

**MODEL ANSWERS**

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **61-H** Code No. : **61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

(ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಶಾಲಾ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಖಾಸಗಿ ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / ಎನ್.ಎಸ್.ಆರ್. / ಎನ್.ಎಸ್.ಪಿ.ಆರ್.)

(**Regular Fresh / Private Fresh / Regular Repeater / Private Repeater / NSR / NSPR**)

ದಿನಾಂಕ : 04. 04. 2024 ] [ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80

**Date : 04. 04. 2024 ] [ Max. Marks : 80**

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| I. | **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार–चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए : 8 × 1 = 8** | |
| 1. | 'शीशा' शब्द का अन्य वचन रूप है –<br>(A) श्रेष्ठ (B) शीशे<br>(C) शीशी (D) शीश<br>**उत्तर :** (B) शीशे | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | 'कवयित्री' शब्द का अन्य लिंग रूप है –<br>(A) कवि (B) लेखिका<br>(C) काव्य (D) कविता<br>**उत्तर :** (A) कवि | 1 |
| 3. | 'सज्जन' शब्द का विलोम रूप है –<br>(A) जन (B) संत<br>(C) दुर्जन (D) सुजान<br>**उत्तर :** (C) दुर्जन | 1 |
| 4. | जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र आदि जलप्रपात मनमोहक है।<br>वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –<br>(A) विस्मयादिबोधक (B) योजक<br>(C) प्रश्नार्थक (D) अल्पविराम<br>**उत्तर :** (D) अल्पविराम | 1 |
| 5. | निम्नलिखित में से 'गुणसंधि' का उदाहरण है –<br>(A) अत्यधिक (B) वार्षिकोत्सव<br>(C) वनौषध (D) विद्यालय<br>**उत्तर :** (B) वार्षिकोत्सव | 1 |
| 6. | गाड़ी आने ............... देर है ।<br>रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा –<br>(A) में (B) पर<br>(C) से (D) के<br>**उत्तर :** (A) में | 1 |
| 7. | निम्नलिखित में से प्रथम 'प्रेरणार्थक क्रिया' रूप है –<br>(A) देना (B) दे<br>(C) दिलाना (D) दिलवाना<br>**उत्तर :** (C) दिलाना | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 8. | निम्नलिखित में से 'द्विगु समास' का उदाहरण है –<br>(A) सत्याग्रह (B) राजा–रानी<br>(C) चंद्रमुखी (D) पंचवटी<br>**उत्तर :** (D) पंचवटी | 1 |
| **II.**<br><br>9. | **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4 × 1 = 4**<br>चिट्ठी भेजने के लिए : अधिक समय : : ई–मेल भेजने के लिए : ............<br>**उत्तर :** कम समय | 1 |
| 10. | भोलापन : बालकृष्ण : : वात्सल्य : ....................<br>**उत्तर :** यशोदा | 1 |
| 11. | बिस्तर के नीचे दबाया : नई चप्पलें : : सिर के नीचे दबाया : ............<br>**उत्तर :** कपड़े | 1 |
| 12. | नागपुर : संतरा : : कश्मीर : ..................<br>**उत्तर :** सेब | 1 |
| **III.**<br><br>13. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4 × 1 = 4**<br>इंटरनेट क्रांति का असर किस पर पड़ा है ?<br>**उत्तर :** बड़े बूढ़ों से लेकर छोटे बच्चों तक | 1 |
| 14. | परमाणु किसे देखकर काँपते हैं ?<br>**उत्तर :** मनुष्य के करों को | 1 |
| 15. | स्वागत समिति के मंत्री किसको डाँटने लगे ?<br>**उत्तर :** कार्यकर्ताओं को | 1 |
| 16. | कवि के अनुसार बहाने बनाने का कारण लिखिए ।<br>**उत्तर :** आलस | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IV. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **8 × 2 = 16** | |
| 17. | 'वीडियो कान्फरेंस' के बारे में समझाइए ।<br>**उत्तर :** 'वीडियो कान्फरेंस' द्वारा एक जगह बैठकर दुनिया के कई देशों के प्रतिनिधियों के साथ 8 -10 दूरदर्शन के परदे पर चर्चा कर सकते हैं । एक ही कमरे में बैठकर विभिन्न देशों में रहनेवाले लोगों के साथ विचार-विनिमय कर सकते हैं । | 2 |
| 18 | जलालुद्दीन ने कलाम जी को नई दुनिया का बोध कैसे कराया ?<br>**उत्तर :** जलालुद्दीन कलाम जी को हमेशा शिक्षित व्यक्तियों, वैज्ञानिक खोजों, समकालीन साहित्य और चिकित्सा विज्ञान की उपलब्धियों के बारे में बताते रहते थे । इस तरह उन्होंने कलाम जी को नई दुनिया का बोध कराया । | 2 |
| 19. | कवि के अनुसार मनुष्य सुख कैसे पा सकता है ?<br>**उत्तर :** कवि के अनुसार मनुष्य को समय नष्ट नहीं करना चाहिए । उद्योग करनेवालों को समय मिल ही जाता है । समय का सदुपयोग करके मनुष्य सुख पा सकता है । | 2 |
| 20. | दुकानदार ने लेखक से क्या कहा ?<br>**उत्तर :** * बाबूजी, बड़े मजेदार सेब आये हैं, खास कश्मीर के ।<br>* आप ले जाएँ, खाकर तबीयत खुश हो जायेगी । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 21. | कवि भारत माँ से क्या प्रार्थना कर रहे हैं ?<br>**उत्तर :** जग के रूप को बदलने की प्रार्थना कर रहे हैं जिसमें कोटि-कोटि भारतीय साथ में हैं जिससे भारत के सभी ग्राम-नगर जय-हिंद के नाद से गूँज उठे । | 2 |
| 22. | किन्द्रु लालीम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?<br>**उत्तर :** दोनों दोस्तों ने तय किया कि वे मकान बनाएँगे । परन्तु वे नहीं जानते थे कि मकान कैसे बनाये जाते हैं । इसलिए वे पशुओं से पूछताछ करने के लिए जंगल की ओर चल पड़े । | 2 |
| 23. | शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है । कैसे ?<br>**अथवा**<br>टाइटन के बारे में लिखिए ।<br>**उत्तर :** * शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा दस गुना अधिक दूर है, इसलिए बहुत कम ताप उस ग्रह तक पहुँचता है ।<br>* शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे 150° सेंटीग्रेड के आस-पास रहता है ।<br>**अथवा**<br>* शनि का सबसे बड़ा चंद्र टाइटन सौर मंडल का सर्वाधिक महत्वपूर्ण और दिलचस्प उपग्रह है ।<br>* टाइटन हमारे चन्द्र से काफी बड़ा है ।<br>* इसका व्यास 5150 किलोमीटर है ।<br>* टाइटन की सतह पर अंतरिक्ष यान को उतारा जा सकता है । ( कोई दो अंश ) | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 24. | सत्य के बारे में शास्त्र में क्या कहा गया है ?<br>**अथवा**<br>पर्यावरण के बारे में सलमा ने क्या कहा ?<br>**उत्तर :** * ''सत्यं ब्रूयात्, प्रियं ब्रूयात्, न ब्रूयात् सत्यमप्रियम्''<br>* सच बोलो जो दूसरों को प्रिय लगे, अप्रिय सत्य मत बोलो ।<br>**अथवा**<br>* प्रकृति हमारी माता है, इसलिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का अपव्यय नहीं करना चाहिए ।<br>* अपने पर्यावरण को स्वच्छ रखना भी हमारा दायित्व है । | 2 |
| **V.** | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :**<br>**9 × 3 = 27** | |
| 25. | बालकृष्ण अपनी माता से क्या-क्या शिकायतें करता है ?<br>**उत्तर :** * बलराम मुझे चिढ़ाता है ।<br>* वह कहता है कि यशोदा माँ ने तुम्हें जन्म नहीं दिया है ।<br>* बार-बार पूछता है कि तुम्हारे माता-पिता कौन हैं ?<br>* मेरे सभी ग्वाल-मित्र चुटकी बजा-बजाकर हँसते हैं ।<br>* तुम केवल मुझे ही मारती हो, भाई पर कभी गुस्सा नहीं करती ।<br>( कोई 3 - 4 अंश ) | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 26. | रोबोटिक संघ ने साधोराम की समस्या का समाधान कैसे निकाला ?<br>**उत्तर :** समस्या के समाधान के लिए रोबोटिक संघ के अध्यक्ष ने संघ की कार्यकारिणी की आपात्कालीन बैठक बुलाई । बैठक में तय हुआ कि सभी रोबोटिक कंपनियों के काम करनेवाले रोबोटों की हड़ताल का आह्वान कर दिया जाए ।<br>उन्होंने तुरंत रोबोजीत पर सक्सेना परिवार के साथ हुए अनुबंध को तुरंत रद्द करने का दबाव डाला । मजबूरन रोबोजीत को अनुबंध रद्द करके रोबोनिल को वापिस बुलाना पड़ा ।<br>बदले हुए हालात में मजबूर होकर धीरज सक्सेना को साधोराम को नौकरी पर रखने का निर्णय लेना पड़ा । | 3 |
| 27. | बसंत नोट भुनाकर वापिस क्यों नहीं लौटा ? कारण स्पष्ट कीजिए ।<br>**उत्तर :** बसंत जब नोट भुनाकर लौट रहा था तो एक मोटर के नीचे आ गया । मोटर उसके ऊपर से निकल गई । उसका सामान, पैसे सब बिखर गये । उसके दोनों पैर कुचल गए । वह बेहोश हो गया था । बड़ी मुश्किल से उसे घर ले गये । इसलिए वह वापिस नहीं लौटा । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 28. | आधुनिक मानव की भौतिक साधना का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** * आज के मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय प्राप्त कर ली है ।<br>* मनुष्य के करों में वारि, विद्युत और भाप बंधे हुए हैं ।<br>* मनुष्य के आदेश पर पवन का ताप भी चढ़ता-उतरता है ।<br>* मनुष्य एक साथ आसानी से नदी, पर्वत, समुद्र को लाँघ सकता है ।<br>* उसका यान गगन में जा रहा है ।<br>* उसके हाथों को देखकर सूक्ष्म परमाणु भी काँपते हैं ।<br>( कोई 3 - 4 अंश ) | 3 |
| 29. | लेखिका ने गिल्लू के प्राण कैसे बचाये ? बताइए ।<br>**उत्तर :** उसे हौले से उठाकर अपने कमरे में लायी । रूई से रक्त पोंछकर घावों पर पेन्सिलिन का मरहम लगाया । कई घंटे के उपचार के उपरान्त उसके मुँह में एक बून्द पानी टपकाया जा सका । इस तरह लेखिका ने गिल्लू के प्राण बचाये । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 30. | 'बालशक्ति' ने कौन-कौन से कार्य करने का निश्चय किया ?<br>**उत्तर :** * पहले उन साथियों पर ध्यान देंगे जो नियमित रूप से स्कूल नहीं आते और पढ़ाई से जी चुराते हैं ।<br>* स्कूल के परिसर को स्वच्छ रखना ।<br>* रोज एक घंटा गाँव की गंदगी को दूर करके गाँव में सफाई लाना ।<br>* गाँव में जो गड्ढे हैं, उनको मिट्टी से ढाँपना ।<br>* गाँव का कूड़ा डालने के लिए एक निश्चित जगह बनाना ।<br>* गाँव के चारों तरफ पेड़-पौधे लगाकर गाँव को हरा-भरा रखना ।<br>( कोई 3 - 4 अंश ) | 3 |
| 31. | दक्षिणी शिखर के वातावरण का वर्णन बचेंद्री कैसे करती हैं ?<br>**उत्तर :** दक्षिणी शिखर के ऊपर हवा की गति बढ़ गई थी । उस ऊँचाई पर तेज हवा के झोंके भुरभुरे बर्फ के कणों को चारों तरफ उड़ा रहे थे । जिनसे कुछ दिखाई नहीं दे रहा था । थोड़ी दूर तक कोई ऊँची चढ़ाई नहीं थी । ढलान एकदम सीधी नीची चली गई थी । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 32. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br><br>दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।<br>तुलसी दया न छाँड़िए, जब लग घट में प्राण ।।<br><br>**उत्तर :** **दोहे का भावार्थ** :<br><br>इस दोहे में तुलसीदासजी ने बताया है कि दया धर्म का मूल है और अभिमान पाप का । इसलिए जब तक शरीर में प्राण है, तब तक मानव को अपना अभिमान छोड़कर दयालु बने रहना चाहिए । | 3 |
| 33. | गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :<br><br>शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है । यह पृथ्वी से करीब 750 गुना बड़ा है । शनि ग्रह का व्यास 116 हजार किलोमीटर है ।<br><br>**उत्तर :** ಶನಿ ಸೌರಮಂಡಲದ ಎರಡನೆ ದೊಡ್ಡ ಗ್ರಹವಾಗಿದೆ. ಇದು ಭೂಮಿಗಿಂತ 750 ಪಟ್ಟು ದೊಡ್ಡದು. ಶನಿ ಗ್ರಹದ ವ್ಯಾಸವು 116 ಸಾವಿರ ಕಿಲೋಮೀಟರ್ ಆಗಿದೆ.<br><br>Saturn is the second biggest planet of solar system. It is approximately 750 times bigger than the earth. The diameter of the Saturn is 116 thousand kilometer. | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** **2 × 4 = 8** | |
| 34. | कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिए । <br> **अथवा** <br> कन्नड़ भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की क्या देन है ? वर्णन कीजिए । <br> **उत्तर :** * बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लू में जो मंदिर हैं, उनकी शिल्पकला अद्भुत है । <br> * बेलूर, हलेबीडू, सोमनाथपुर के मंदिरों में जो मूर्तियाँ हैं, वे सजीव लगती हैं । <br> * श्रवणबेलगोल 57 फुट ऊँची गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा है । <br> * विजयपुर के गोलगुंबज की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है । <br> * मैसूरु का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है । <br> * प्राचीन सेंट फिलोमिना चर्च, जगनमोहन राजमहल का पुरातत्व वस्तु संग्रहालय अत्यंत आकर्षणीय है । <br> ( कोई 4 - 5 अंश ) <br> **अथवा** | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | * वचनकार बसवण्णा क्रांतिकारी समाज सुधारक थे ।<br>* अक्कमहादेवी, अल्लमप्रभु, सर्वज्ञ जैसे अनेक संतों ने अपने अनमोल वचनों द्वारा प्रेम, दया और धर्म की सीख दी है ।<br>* पुरंदरदास, कनकदास आदि भक्त कवियों ने भक्ति, नीति, सदाचार के गीत गाये हैं ।<br>* पंप, रन्न, पोन्न, कुमारव्यास, हरिहर, राघवांक आदि ने महान काव्यों की रचना कर कन्नड साहित्य को समृद्ध बनाया है । | |
| 35. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :<br>असफलता .............................<br>..........................................<br>..........................................<br>............................. भागो तुम ।<br>**उत्तर : कवितांश :**<br>असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो ।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| **VII.** | **गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1 × 4 = 4** | |
| 36. | वास्तव में शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति और समाज का पूर्ण विकास करना है । यह तभी संभव है जब शिक्षा उसी भाषा में दी जाए, जिसे आसानी से समझा जा सके । मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और समाज से संबंध स्थापित करने के लिए वह समाज में प्रचलित भाषा का ज्ञान प्राप्त करता है । मातृभाषा वह है, जिसे माता-पिता व अन्य पारिवारिक सदस्यों से सीखा जाता है । अर्थात जब बच्चा छोटा होता है तो घर परिवार में अनुकरण द्वारा वह जिस भाषा को सीखता है वह उसकी मातृभाषा है । किन्तु जब बात शिक्षा की हो तो ज्ञान व विज्ञान किसी भाषा पर निर्भर नहीं होता ।<br>(अ) शिक्षा के उद्देश्य को बताइए ।<br>(आ) शिक्षा का उद्देश्य कैसे संभव है ?<br>(इ) छोटा बच्चा मातृभाषा को कैसे सीखता है ?<br>(ई) भाषा पर क्या निर्भर नहीं होता ? | |
| | **उत्तर :** (अ) शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति व समाज का पूर्ण विकास करना है । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **उत्तर :** (आ) शिक्षा का उद्देश्य तभी संभव है जब शिक्षा उसी भाषा में दी जाए, जिसे आसानी से समझा जा सके । | 1 |
| | **उत्तर :** (इ) छोटा बच्चा मातृभाषा को अनुकरण से सीखता है । | 1 |
| | **उत्तर :** (ई) ज्ञान व विज्ञान किसी भाषा पर निर्भर नहीं होता । | 1 |
| **VIII.** | **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 12-15 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए : 1 × 4 = 4** | |
| 37. | (क) **खेलों का महत्व**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ खेलों के प्रकार<br>✳ खेलों से लाभ<br>✳ उपसंहार ।<br>(ख) **इंटरनेट – एक वरदान**<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ इंटरनेट का महत्व<br>✳ इंटरनेट से लाभ<br>✳ उपसंहार । | |

<table>
<tr><th>प्रश्न संख्या</th><th>सही उत्तर</th><th>अंक</th></tr>
<tr><td></td><td>(ग) जनसंख्या नियंत्रण की आवश्यकता<br>✳ प्रस्तावना<br>✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण<br>✳ जनसंख्या वृद्धि के परिणाम<br>✳ नियंत्रण के उपाय<br>✳ उपसंहार ।</td><td></td></tr>
<tr><td></td><td>उत्तर : ✳ प्रस्तावना 1<br>✳ विषय विस्तार 2<br>✳ उपसंहार 1</td><td>4</td></tr>
<tr><td>IX.<br>38.</td><td>निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए : 1 × 5 = 5<br>कोई सकारण देते हुए तीन दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक जी को एक पत्र लिखिए ।<br>अथवा<br>अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए ।<br>उत्तर : व्यावहारिक पत्र –<br>✳ प्रेषक का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$<br>✳ विषय $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>अथवा</td><td>5</td></tr>
</table>

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| | **पारिवारिक पत्र –**<br>✳ प्रेषक का पता व दिनांक $\frac{1}{2}$<br>✳ संबोधन एवं अभिवादन 1<br>✳ पत्र का कलेवर $2\frac{1}{2}$<br>✳ समाप्ति $\frac{1}{2}$<br>✳ पत्र पानेवाले का पता $\frac{1}{2}$ | |

# ಭಾರತದ ಸಂವಿಧಾನ

## ಪೀಠಿಕೆ

ಭಾರತದ ಪ್ರಜೆಗಳಾದ ನಾವು
ಭಾರತವನ್ನು ಸಾರ್ವಭೌಮ, ಸಮಾಜವಾದಿ, ಜಾತ್ಯತೀತ
ಪ್ರಜಾಸತ್ತಾತ್ಮಕ ಗಣರಾಜ್ಯವನ್ನಾಗಿ
ರೂಪಿಸುವುದಕ್ಕಾಗಿ;
ಭಾರತದ ಎಲ್ಲಾ ಪ್ರಜೆಗಳಿಗೆ
ಸಾಮಾಜಿಕ, ಆರ್ಥಿಕ ಮತ್ತು ರಾಜಕೀಯ ನ್ಯಾಯವನ್ನು;
ವಿಚಾರ, ಅಭಿವ್ಯಕ್ತಿ, ನಂಬಿಕೆ, ಧರ್ಮ ಮತ್ತು
ಉಪಾಸನೆಯ ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯವನ್ನು;
ಸ್ಥಾನಮಾನ ಮತ್ತು ಅವಕಾಶಗಳ ಸಮತೆಯನ್ನು
ದೊರೆಯುವಂತೆ ಮಾಡುವುದಕ್ಕಾಗಿ;
ವ್ಯಕ್ತಿಗೌರವ, ದೇಶದ ಏಕತೆ ಮತ್ತು ಸಮಗ್ರತೆಗಾಗಿ ಎಲ್ಲರಲಿ
ಭ್ರಾತೃತ್ವ ಭಾವನೆಯನ್ನು ಮೂಡಿಸುವುದಕ್ಕೆ
ದೃಢಸಂಕಲ್ಪ ಮಾಡಿ.
ನಮ್ಮ ಸಂವಿಧಾನ ಸಭೆಯಲ್ಲಿ
1949ನೆಯ ಇಸವಿಯ ನವೆಂಬರ್ ತಿಂಗಳ 26ನೇ ದಿನದಂದು
ಈ ಸಂವಿಧಾನವನ್ನು ನಮಗೆ ನಾವೇ ಅರ್ಪಿಸಿಕೊಂಡು,
ಅಂಗೀಕರಿಸಿ, ಶಾಸನವಾಗಿ ವಿಧಿಸಿಕೊಂಡಿದ್ದೇವೆ.

Printing Address
Karnataka State Marketing Communication & Advertising Limited
MCA House, 42, Millers Road, Bengaluru - 560 001

ಜಿಲ್ಲಾಧಿಕಾರಿಗಳು ಮತ್ತು ಜಿಲ್ಲಾ ದಂಡಾಧಿಕಾರಿಗಳವರ ಕಛೇರಿ
ಜಿಲ್ಲಾಡಳಿತ ಭವನ, ರಾಷ್ಟ್ರೀಯ ಹೆದ್ದಾರಿ–75, ಟಮಕ ಅಂಚೆ, ಕೋಲಾರ –563103